नई दिल्ली
बुधवार, 26 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 318
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


मौसम
अधि. 25.2
न्यून. 11.7





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कुबरेश्वरधाम में रुद्राक्ष महोत्सव हुआ प्रारंभ



सीहोर। शिव पुराण का यही संदेश है कि भगवान शिव की आराधना करने वाला दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में बहुत ही शक्ति है। भोलेनाथ पर विश्वास करने वालों की पलट जाती है किस्मत। ये विचार पं. प्रदीप मिश्रा ने मध्यप्रदेश के सीहोर जिला मुख्यालय स्थित कुबरेश्वरधाम पर मंगलवार से आरंभ हुए सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के पहले दिन कहे।

### आईएसओ वाला देश का पहला आयकर कार्यालय



भोपाल। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय भोपाल को लोक प्रशासन की कैटेगरी में आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट मिला। सर्टिफिकेट क्वालिटी मैनेजमेंट सर्विसेस के लिए दिया है। यह सर्टिफिकेट पाने वाला यह भारत का पहला प्रशासनिक आयकर कार्यालय है।

महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक

# महाकुंभ का आखिरी स्नान आज, 44 दिन में 64.33 करोड़ ने लगाई डुबकी

प्रशासन बोला- नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं

निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए

महाशिवरात्रि पर हर साल शहर में 16 किमी की शोभायात्रा निकाली जाती है, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार यह यात्रा नहीं निकाली जाएगी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यानी बुधवार को समापन होगा। आस्था के इस महापर्व में देश-विदेश से आए करोड़ों लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में मंगलवार को जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। इस तरह 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान

बदला गया है। मंगलवार को शाम 4 बजे से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गई। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा कि हमने सभी शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती की है। आखिरी स्नान से पहले फ्लाइट का किराया बढ़ गया है। दिल्ली से प्रयागराज का किराया 30 हजार और मुंबई से प्रयागराज का किराया 25 हजार हो गया है।



### मेले के आखिरी दिन प्रयागराज में वाहन बैन

### महाकुंभ आखिरी स्नान और दान का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा प्रातः संध्याः 05:34 बजे से लेकर 06:49 बजे तक रहेगा। अमृत कालः 07:28 बजे से लेकर 09:00 बजे तक रहेगा। विजय मुहूर्तः 02:29 बजे से लेकर 03:15 बजे तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्तः 06:17 से लेकर 06:42 बजे तक रहेगा।

### बस कंटेनर से टकराई, 35 घायल, 6 की हालत गंभीर

*सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में सागर-दमोह मार्ग पर बरखेड़ा गौतम तिराहा के पास सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से लौट रही स्लीपर बस और सागर से दमोह जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। दुर्घटना में बस में सवार 70 यात्रियों में से 35 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे।*

### रीवा में एसयूवी ट्रक से टकराने से 3 श्रद्धालुओं की मौत

जिले में प्रयागराज में महाकुंभ से लौटते समय एक वाहन के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि सात अन्य घायल हो गए। मनगवा पुलिस थाने की अधिकारी वर्षा सोनकर ने बताया, कि यह घटना रीवा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुई, जब वाहन चालक को झपकी आ गई।

बोर्ड ने अगले महीने 9 मार्च 2025 तक अपनी वेबसाइट पर सभी हितधारकों से सुझाव भेजने के लिए कहा

# नए शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार होगी दसवीं बोर्ड की परीक्षा सीबीएसई ने जारी किया प्रारूप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस साल अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से देश में दो बार दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

इसके लिए मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने प्रारूप (ड्राफ्ट) जारी करते हुए सभी हितधारकों से 9 मार्च 2025 तक अपने सुझाव और प्रतिक्रियाएं देने के लिए कहा है। जिसके बाद इससे संबंधित नीति को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए एक सार्वजनिक नोटिस से यह जानकारी मिली है। जिसके मुताबिक, केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) जारी की थी। उसमें यह सिफारिश की गई थी कि छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में अपना प्रदर्शन सुधारने का अवसर प्रदान किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में इस मामले पर हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें दसवीं की बोर्ड परीक्षाएं 2025-26 में साल में दो बार आयोजित करने, इसके लिए मसौदा नीति बनाने, नीति पर तमाम हितधारकों (स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों और आम जनता) के सुझाव व प्रतिक्रियाएं लेने के लिए बोर्ड की एक अलग वेबसाइट तैयार करने का निर्णय लिया है।

### दसवीं के अनुभव से होगा आगे का फैसला

सीबीएसई के सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में दो बार आयोजित की जा रही आईआईटी-जेईई की प्रवेश परीक्षा की तर्ज पर ही अब साल में दो बार दसवीं बोर्ड की परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इससे छात्रों को अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका मिलेगा। वहीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का साल में दो बार आयोजन करने का निर्णय दसवीं कक्षा के दो बार परीक्षा होने के बार सामने आने वाले अनुभव के आधार पर लिया जाएगा।

### परीक्षाओं के बीच का अंतर घटेगा

बोर्ड साल में दो बार दसवीं की परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर परीक्षाओं के बीच पड़ने वाले समय को कम करने पर विचार कर रहा है। अभी देश में बोर्ड की परीक्षाएं करीब महीने भर तक चलती हैं। लेकिन हो सकता है कि आने वाले दिनों में इस समय अवधि को घटाकर करीब दो सप्ताह का किया जा सकता है। इसके अलावा छात्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

60 से अधिक देशों के विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया

# 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए

## जीआईएस 2025 में बना 'रिकॉर्ड'

*25 हजार से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन*

*सीएम ने कहा कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में हुए आठवें ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) में रिकॉर्ड 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए। यह पहली बार हुआ कि मप्र की नीतियों पर देश-विदेश के निवेशकों ने भरोसा जताया। सबसे अधिक प्रस्ताव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कुल 5 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के आए। खनिज के कुल 3.22 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। शहरी विकास एवं आवास विभाग के 1.97 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। इसमें भी सबसे अधिक अडाणी ग्रुप ने 2.11 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया है। मप्र के दो दिनी जीआईएस ▶▶ शेष पेज 5 पर






### मप्र की औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय

*जीआईएस के बेहद सफल आयोजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की समिट अपनी अभूतपूर्व विशिष्टताओं और थीम अनंत संभावनाएं के कारण विशेष रही। पहली बार समिट एक मल्टी समिट प्रारूप में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रीय और सेक्टोरल विषयों पर केंद्रीत चर्चाएं हुईं।*

**ज्यादातर निवेशकों ने क्षेत्रीय स्तर पर उद्योग लगाने की पेशकश की**

*समिट की एक और खासियत यह रही कि उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। समिट में कई बड़े उद्योगपति गौतम अडाणी से लेकर नादिर गोदरेज, बिड़ला, जिंदल, टोरंट जैसे कंपनियों के निवेशक शामिल हुए। इसमें फोर्ज* ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री शाह ने किया जीआईएस का समापन, कहा-पीएम के लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी यह समिट

## मप्र में लैंड-लेबर फोर्स, माइंस मिनरल्स सब कुछ, इसलिए यहां संभावनाएं ज्यादा




सारी अनुमतियों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों नियमों को सरल बनाया गया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लैंड है, लेबर फोर्स भी और माइंस-मिनरल्स भी भरपूर मात्रा में हैं। इस कारण यहां औद्योगिक विकास की सभावनाएं और अवसर ज्यादा हैं। शाह मंगलवार को भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने कहा कि मप्र की ये समिट दोनों लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी। कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार को मिलकर काम करना होगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर



1984 सिख विरोधी दंगा मामला में

# कोर्ट ने सज्जन को सुनाई उम्रकैद की सजा, 12 को दोषी करार दिया था

सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिकों की हुई थी हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को जिंदा जलाने का है। इस दौरान सिखों का नरसंहार हुआ था और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। अदालत ने गत 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। इस मामले को लेकर शुरुआत में पंजाबी बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में जस्टिस जी.पी. माथुर कमेटी की सिफारिश पर गठित विशेष जांच दल ने आरोप पत्र दाखिल किया। समिति ने 114 मामलों को फिर से खोलने की सिफारिश की थी, जिनमें यह मामला भी शामिल था।

### कई धाराओं में आरोप

अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148 और 149 के तहत दंडनीय अपराधों के साथ-साथ धारा 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436 और 440 के साथ धारा 149 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किए। एसआईटी ने आरोप लगाया कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया और उनके घर के सामान लूट लिए। इस दौरान उनका घर भी जला दिया गया था। इस हमले में घर के कई लोग घायल भी हुए थे।

## खबर संक्षेप



### द्वारका में आग से किराना शॉप और दो कारें खाक

**नई दिल्ली।** द्वारका सेक्टर-16 क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक मकान में आग लग जाने से दो कारें, किराना शॉप और घरेलू सामान जलकर खाक हो गए। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई गई है। दमकल विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना तड़के तीन बजकर 21 मिनट पर फायर डिपार्टमेंट को मिली। दमकल की आठ गाड़ियां द्वारका सेक्टर 16 ए, 60 फुटा रोड, मकान नंबर ए 12 आजाद नगर भेजी गई। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया था। गर्ग ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता पुलिस लगाने का प्रयास कर रही है।

### अदालत ने आप नेता अमानतुल्लाह खान को अग्रिम जमानत दी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को अग्रिम जमानत दे दी। उन पर राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में हाल ही में दिल्ली पुलिस के दल पर हमले का आरोप है। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने राहत देते हुए खान को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को हुई घटना के संबंध में ओखला विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने एक भीड़ का नेतृत्व किया और हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी घोषित एक अपराधी को हिरासत से भागने में मदद की। पुलिस ने बताया कि कथित घटना उस समय हुई जब दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शाबाज खान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया।

### मास्टरमाइंड पहले किया जा चुका है गिरफ्तार

# 20 करोड़ की ठगी में शामिल दो जालसाजों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जाली दस्तावेजों के साथ नॉन बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनियों (एनबीएफसी) को 20 करोड़ का चूना लगाने वाले दो जालसाजों को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अजीत कुमार जेना और गोपाल चतुर्वेदी है। धोखाधड़ी का मुख्य सरगना रमाकांत पिलानी पहले गिरफ्तार किया जा चुका है और फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

पुलिस के अनुसार इस जालसाजी व ठगी के संबंध में मामला 10 जुलाई 2024 को दर्ज किया गया था। लोक सेवक लीजिंग एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। गणेश बेंजोप्लास्ट लिमिटेड और जीबीएल केमिकल लिमिटेड व उनके निदेशकों पर ठगी का आरोप लगाया गया था। शिकायत में बताया गया कि जनवरी 2024 में जीबीएल ने उनसे संपर्क किया था। बताया गया था कि उनकी कंपनी सोडियम बेंजोएट के निर्माण की गुणवत्ता के लिए बाजार में जानी जाती है। उन्हें कंपनी के विकास के लिए धन की आवश्यकता है। बताया गया कि उनकी कंपनी ने 2018 के दौरान 95 करोड़ रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य हासिल किया था और अब 2024 में यह बढ़कर 212 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने यह भी बताया था कि वे 240 स्थायी कर्मचारियों के साथ 2026 तक 1,000 करोड़ रुपये के बिक्री लक्ष्य का प्रबंधन करने की उम्मीद कर रहे हैं। 7.03 करोड़ के लोन की मांग की गई थी। बाद में कंपनी और उनके निदेशकों द्वारा दिये गये कागजात झूठे, मनगढ़ंत और जाली पाए गए। इसी तरह कथित कंपनी ने आईएम सिक्योरिटीज और कैपिटल ट्रेड लिंक्स प्राइवेट लिमिटेड नामक एनबीएफसी से भी संपर्क किया। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 20 करोड़ की धनराशि हासिल की गई थी। बाद में एनबीएफसी के लोन के दुरुपयोग का खुलासा हुआ। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी रमाकांत पिलानी ही इस पूरी ठगी व जालसाजी का मास्टरमाइंड है। वह गणेश बेंजोप्लास्ट लिमिटेड और जीबीएल केमिकल लिमिटेड के पूर्व निदेशक/सीईओ थे। उन्होंने अजीत कुमार जेना और गोपाल चतुर्वेदी के साथ मिलकर गणेश बेंजोप्लास्ट लिमिटेड और जीबीएल केमिकल लिमिटेड के फर्जी बोर्ड रेजोल्यूशन बनाए और शिकायतकर्ता कंपनियों से रकम हासिल की थी। आरोपी रमाकांत पिलानी पहले से ही न्यायिक हिरासत में है। आरोपी अजीत कुमार जेना बेरहामपुर विश्वविद्यालय, उड़ीसा से बी.कॉम डिग्री धारक है। वहीं गोपाल चतुर्वेदी ने डॉ बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा से बी.कॉम किया है। शुरुआत में दोनों आरोपी अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे, लेकिन 2014-15 में वे एक-दूसरे के संपर्क में आए। इसके बाद दोनों ने कम समय में जल्दी पैसा बनाने का फैसला किया और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इस जालसाजी व ठगी को अंजाम दिया।

## अवैध ड्रग कार्टल जब्त, 11 लोग क्राइम ब्रांच ने किये अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा की एएनटीएफ टीम ने साइकोट्रोपिक पदार्थ अल्प्राजोलम की आपूर्ति में लिप्त ड्रग कार्टेल का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पहले और अब की गई गिरफ्तारियों का आंकड़ा 11 पहुंच गया है।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार 28 नवंबर 2024 को एएनटीएफ ने सोनिया विहार, दिल्ली इलाके से लक्ष्मण और पंकज नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 27 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुई थी। 14 फरवरी को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर एक और बड़ी कार्रवाई की गई। अल्प्राजोलम टैबलेट की अवैध आपूर्ति में शामिल एक इंटरस्टेट नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। जांच में कई गिरफ्तारियां और महत्वपूर्ण बरामदगी हुई हैं, जिससे फार्मास्युटिकल ड्रग डायवर्जन की गहरी जड़ें उजागर हुई हैं। दिल्ली पुलिस के सहायक एप ने ऑपरेशन को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीसीपी के मुताबिक पहले 27 किलोग्राम से अधिक अल्प्राजोलम की 2 लाख गोलियां बरामद हुई थी। बाद में लोनी से अंकित शुक्ला की मेडिकल दुकान से 2.4 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट (कुल 18000 टैबलेट) और तनिष्क गुप्ता के घर से 400 ग्राम टैबलेट (कुल 3000 टैबलेट) बरामद हुई। एनडीपीएस अधिनियम के तहत अल्प्राजोलम की वाणिज्यिक मात्रा केवल 100 ग्राम है। पहले गिरफ्तार किये गये लोगों में लक्ष्मण, पंकज, अंकित शुक्ला, तनिष्क गुप्ता, विनय दुआ, राज कुमार अग्रवाल, आदित्य कुमार शर्मा और अमित कुमार अग्रवाल शामिल थे। अब लोनी के प्रेम नगर निवासी राशिद उर्फ सोनू, मोहम्मद मोहसिन और ओल्ड मुस्तफाबाद निवासी साजिद को पकड़ा गया है।

### ऑनलाइन क्रिकेट बैटिंग में शामिल दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गये मैच पर सट्टा लगा रहे थे। सट्टेबाजी में इस्तेमाल सामान जैसे एलईडी टीवी, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार किये गये दोनों लोगों के नाम अयान और निजाम उर्फ भुट्टो है। इन्हें मालवीय नगर क्षेत्र में स्थित एक घर से दबोचा गया। निजाम पहले भी नेब सराय के इसी प्रकार के मामले में शामिल पाया गया है।

### सिखों ने 1984 मामले में सज्जन कुमार की उम्र कैद से जताई नाराजगी, गुरुद्वारा कमेटी ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वर्ष 1984 दंगों के मामले में दोषी पूर्व सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा से सिख समाज ने नाराजगी जताते हुए उसे फांसी की सजा देने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ इस मामले पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा है कि 1984 के दूसरे मामले में कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट द्वारा उम्र कैद की सजा सुनाने से 41 साल बाद सिखों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम हुआ है। उन्होंने दोहराया कि जब तक कत्लेआम के सभी दोषी सलाखों के पीछे नहीं जाते, दिल्ली कमेटी अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने अदालत द्वारा सज्जन कुमार के खिलाफ लिए गए फैसले का स्वागत किया, लेकिन साथ ही कहा कि सरकारी पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए फांसी की सजा की मांग की थी। अच्छा होता अगर अदालत उसे फांसी की सजा देती क्योंकि उम्र कैद तो वह पहले मामले में काट चुका है। इस मामले में दिल्ली कमेटी की लीगल टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और गवाहों ने भी कष्ट सहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में गवाह अपनी गवाही देने के लिए तैयार नहीं थे, यह केवल दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का प्रयास था जिसने गवाहों को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कमेटी की होगी। इसी भरोसे पर गवाहों ने गवाही दी, जिसके आधार पर आज अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा दी है। कमेटी की तरफ से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन मामलों की नए सिरे से जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसके कारण अब इन मामलों में न्याय मिल रहा है।

### सज्जन कुमार को उम्र कैद की सज़ा सुनाए जाने के फैसले का प्रदेश भाजपा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा सिख दंगो के दोषी कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाये जाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि दो-दो मामलों में सजा होने के बावजूद भी आज तक कांग्रेस हत्यारे सज्जन कुमार को पार्टी से निष्कासित नहीं कर पाई जो उनके सिख विरोधी चेहरे को साफ दर्शाता है। सचदेवा ने राहुल गांधी से सवाल किया कि ऐसी क्या मजबूरी है जो कांग्रेस ऐसे हत्यारे को अपनी पार्टी से बाहर नहीं कर पा रही है। सिख भाई-बहनों के हत्यारे को पालने की ऐसी क्या मजबूरी है, अपनी मंशा को कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्पष्ट करें।

## हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग में शामिल ठग अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने यूट्यूब की आड़ लेकर जबरन वसूली व हनी ट्रैप रैकेट चलाने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल शर्मा कभी खुद को यूट्यूब का कर्मचारी तो कभी साइबर क्राइम का इंस्पेक्टर सुरेंद्र बताकर लोगों को ब्लैकमेल करता था। आरोपी पीड़ितों को उनके निजी वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी देता था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार साइबर सेल के इंस्पेक्टर विवेकानद और संदीप सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने साइबर अपराधी साहिद (27) निवासी थलचना, जिला भरतपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। 2022 में इसके खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि नवंबर 2022 में उसे राहुल शर्मा नाम के यूट्यूब कर्मचारी का फोन आया। फोन करने वाले ने शिकायतकर्ता का आपत्तिजनक वीडियो अपने पास होने का दावा करते हुए उसे ब्लैकमेल किया और इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से रोकने के लिए पैसे की मांग की थी। जांच से पता चला कि तथाकथित राहुल शर्मा पहले गिरफ्तार किये गये संदीप अग्रवाल के एजेंट के रूप में काम कर रहा था। सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने के डर से शिकायतकर्ता ने शुरुआत में अलग-अलग बैंक खातों में 3,61,000 रुपये ट्रांसफर किये थे। हालांकि उन्हें विभिन्न मोबाइल नंबरों से जबरन वसूली के कॉल आते रहे, जिसके कारण उन्हें करीब 25 लाख रुपये का चूना लगा था। हाल ही में छापेमारी टीम ने हरियाणा के नूंह और राजस्थान के भरतपुर में कई ठिकानों पर छापे मारे। इसके अलावा तकनीकी निगरानी पर आरोपी की लोकेशन हरियाणा के यमुनानगर में पाई गई। टीम हरकत में आई और छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और अन्य सह-अभियुक्तों को गिरफ्तार करने और धोखाधड़ी की गई सभी राशि बरामद करने के लिए पांच दिनों की पीसी रिमांड प्राप्त की गई है।

### डीयू : एसएजीई अनुसंधान विधियों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग के तहत पूर्वी एशियाई अध्ययन पुस्तकालय द्वारा पूर्वी एशियाई अध्ययन के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों के लिए एसएजीई प्राथमिक स्रोत संग्रह, एडम मैथ्यू और एसएजीई अनुसंधान विधियों पर एक व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार पांडा को पौधा भेंट किया गया। सत्र का विषय "शोध क्षमता को खोलना : एसएजीई शोध विधियों और एडम मैथ्यू का प्रदर्शन" रहा। डीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण सत्र सोमवार को शुरू हुआ, जिसमें ईस्ट एशियन स्टडीज लाइब्रेरी की सहायक लाइब्रेरियन निशा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

**Navkala CGHS Ltd.**
**Regd. Office:** 14, Indraprastha Extension, Delhi-110092
**Mobile:** 9810030770 | **Email:** navkalasociety@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item-rate tenders are invited on behalf of the Management Committee of **Navkala CGHS Ltd.** for the following building repair works:

**Scope of Work:**
1. Retrofitting of Beams at the base of Terrace Water Tanks
2. Patch Plastering
3. Re-pointing on the Mumty Roof

**Estimated Cost:** ₹ 8,27,620/- || **Cost of Tender Document:** ₹ 500/-
**Earnest Money Deposit (EMD):** ₹ 16,550/-
**Important Dates:**
**Tender Submission Deadline:** on or before 07.03.2025, up to 03:00 PM
**Tender Opening Date:** 07.03.2025, at 03:30 PM at Society Office.
Tender documents can be obtained from the society office upon payment of the tender document fee of ₹ 500/- in cash from 26.02.2025 to 07.03.2025, up to 03:00 P.M.
For further details, please contact the society office.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप उर्फ प्रिंस, पुत्रः अशोक कुमार, पताः 70/85, शशि बस्ती मजनू का टिल्ला, सिविल लाइंस, दिल्ली** ने **FIR No. 542/2022, 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप उर्फ प्रिंस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप उर्फ प्रिंस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 542/2022, 25/54/59 Arms Act, पुलिस थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप उर्फ प्रिंस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
उत्तर–पश्चिम, कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2248/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मैसर्स बंटी व्हीकल इलेक्ट्रीशियन प्रा. लि0** अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **दीपक,** नीति विहार, गली लाल मंदिर के पीछे, मेन मुबारकपुर रोड, किरारी, दिल्ली, ने **FIR No. 2082/16, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तरी रोहिणी, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मैसर्स बंटी व्हीकल इलेक्ट्रीशियन प्रा. लि0** अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मैसर्स बंटी व्हीकल इलेक्ट्रीशियन प्रा. लि0** अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 2082/16, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तरी रोहिणी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मैसर्स बंटी व्हीकल इलेक्ट्रीशियन प्रा. लि0** अपने अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं0 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट,दिल्ली

DP/2182/RD/2025
(Court Matter)

#### शोर शराबे और नारेबाजी में आवाज आई पास पास, एजेंडा पास

# दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में हुआ जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित हुई सदन बैठक में उस समय जमकर हंगामा शुरू हो गया जब निगम महापौर महेश कुमार खींची ने नेता सदन मुकेश गोयल को एजेंडा पढ़ने की बात कही। इस दौरान कहीं से आवाज आई कि इतनी भी क्या जल्दी है हमने भी घंटों इंतजार किया है। ऐसा होते ही विपक्ष के एक सदस्य निगम में नेता सदन मुकेश गोयल की तरफ बढ़े और मेज पर रखे कुछ कागज उठाए और फाड़ डाले। बस इतना होते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया और विपक्षी दल के अन्य सदस्य भी महापौर आसान की तरफ पहुंच गए और उपर चढ़ गए। हंगामे के बढ़ते आसार देखते हुए वहां मौजूद अधिकारी भी निकल गए और इसी दौरान हंगामा, शोर शराबा और नारेबाजी शुरू हो गई। इस दौरान ही सदन बैठक से आवाज आई पास पास पास एजेंडा पास। और सदन बैठक अगली बैठक तक के लिए स्थगित की गई। महापौर आसन से माइक आदि भी फेंक दिया गया।

बता दें कि मंगलवार को सदन बैठक के लिए दोपहर दो बजे का समय निर्धारित किया गया था। निगम महापौर, नेता सदन, सत्ता पक्ष सदस्य दोपहर करीब 2 बजे सदन में पहुंच गए थे, और इस दौरान विपक्ष की सीटें खाली थीं। बता दें कि इससे पूर्ववर्ती सदन बैठकों में महापौर आधा पौना घंटा देरी से पहुंचते थे लेकिन मंगलवार को सदन बैठक में महापौर समय से आ गए थे और सत्ता दल के अन्य सदस्य भी प्ले कार्ड के साथ सदन में पहुंच चुके थे। यहां महापौर ने सभी मौजूद सदस्यों आदि का अभिनंदन किया और सदन की कार्यवाही शुरू करने के लिए नेता सदन मुकेश गोयल को कहा लेकिन निगम आयुक्त की सीट खाली देख कहा कि इस स्थिति में एडिशनल आयुक्त को आयुक्त की कुर्सी पर बैठना चाहिए। पूर्व महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने भी निगम सचिव से एडिशनल आयुक्त से बैठने का निवेदन किया लेकिन वह एडिशनल आयुक्त, निगम आयुक्त की सीट पर नहीं बैठी। वहीं, देखा गया है कि जब आयुक्त सीट पर नहीं होते हैं तो एडिशनल आयुक्त सीट पर बैठते हैं।



### 12 हजार कच्चे कर्मियों को पक्का करने और हाउस टैक्स पूरी तरह माफ के प्रस्ताव पास : महापौर

सदन बैठक के बाद निगम महापौर महेश कुमार खींची, नेता सदन मुकेश गोयल ने प्रेसवार्ता में बताया कि मंगलवार को सदन में 12 हजार कच्चे कर्मियों को पक्का करने और हाउस टैक्स पूरी तरह माफ करने के प्रस्ताव पास कर दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि एमसीडी ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के हंगामे के बावजूद 100 गज या इससे कम के एरिया में बने मकानों के लिए हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ करने का प्रस्ताव भी पास किया है। समय से हाउस टैक्स जमा करने पर 100 से 500 गज के मकानों को आधा और 1300 रिहायशी सोसायटी को हाउस टैक्स में 25 फीसद की छूट मिलेगी। वहीं, मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा को जनहित के प्रस्तावों का समर्थन करना चाहिए था, लेकिन उसने हंगामा कर बता दिया कि उसे कर्मियों और दिल्लीवालों से कोई सरोकार नहीं है।

### सदन की यह बैठक अनैतिक और अवैध : राजा इकबाल

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की इस सदन बैठक को अनैतिक व अवैध बताया है और महापौर द्वारा नगर निगम अधिनियम 1952 (डीएमसी एक्ट 1952) के उल्लंघन में एमसीडी सदन की अवैध रूप से की गई बैठक कार्यवाही की कड़ी निंदा की है। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सदन बैठक को आयुक्त और संपूर्ण विपक्षी पार्षदों की अनुपस्थिति में आयोजित किया गया। इसमें मुश्किल से 25 से 30 आप के पार्षद ही उपस्थित थे। एजेंडा में कई ऐसे पुराने मुद्दे शामिल थे जिन्हें कई बार टाला गया है और जिनका एमसीडी पर गंभीर आर्थिक दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिसकी जांच आवश्यक है। भाजपा नेताओं ने कहा कि हम आयुक्त से आग्रह करते हैं कि इस मामले में हस्तक्षेप करें और आयोजित सदन बैठक को अवैध एवं परित्यक्त घोषित करें। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने इस संदर्भ में एक विरोध पत्र निगमायुक्त को सौंपा।

### आप खो चुकी है बहुमत, तुरंत सदन बुलाकर सिद्ध करें बहुमत

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा है कि गत कुछ माह में अनेक "आप" पार्षद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं जिसके बाद "आप" के बहुमत पर प्रश्नचिन्ह लग गये हैं। इस सबके बाद आज जिस तरह महापौर ने निगम सदन बैठक को असंवैधानिक रूप से विपक्ष की अनुपस्थिति में मात्र तीन मिनट चलाया उसने साबित कर दिया की वह बहुमत खो चुके हैं। सरदार राजा इकबाल सिंह ने महापौर महेश खिंची को चुनौती दी है कि वह नगर निगम सदन की 1 मार्च को बैठक बुला कर अपना बहुमत साबित करें।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 1,00,000/- अदद पैन ड्राइव्स की खरीद हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए दर अनुबंध। | 21.02.2025 07.03.2025 | 10,000/- | https://haryanapolice.gov.in https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 supdt.provphq@gmail.com |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकूला द्वारा 6वीं से 12वीं तक कक्षाओं में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कन्या छात्राओं को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही नॉन-बैल्टेड सहित विंग्स टाइप सैनीटरी नैपकिंस की अधिप्राप्ति के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध की व्यवस्था करना। | 25.02.2025 28.03.2025 | | dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 3 | सिविल सर्जन, यमुनानगर | 2025-26 हेतु जिला यमुनानगर के लिए आईईसी मुद्रण सामग्री निविदा। | 24.02.2025 01.03.2025 | ईएमडी 100000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416116850 dhs.csynr@hry.nic.in |
| 4 | बागवानी घरौंडा (करनाल) | सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र, घरौंडा, करनाल में मेगा वैजीटेबल एक्सपो, 2024-25 हेतु टेनटेज, भोजन, फोटोग्राफी - वीडियोग्राफी और अन्य व्यवस्थाओं का प्रबंध करना। | 27.02.2025 08.03.2025 | ईएमडी 200000 | https://etenders.hry.nic.in | 9996788004 ddh.cev@gmail.com |
| 5 | महिला एवं बाल विकास प्रबंधक, पंजीरी प्लांट, घरौंडा, करनाल | पंजीरी प्लांट, घरौंडा का परिवहन कार्य। | 25.02.2025 12.03.2025 | 12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwotgharaunda@yahoo.co.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/100/32528/I/88/7 दि. 25.02.25

### प्रवेश साहिब सिंह द्वारा सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विपक्ष के सदस्यों को किया गया बाहर

# एलजी अभिभाषण के दौरान नारेबाजी करने पर विपक्ष के 21 सदस्य तीन बैठकों के लिए निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सदन को संबोधित किया। उपराज्यपाल अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने नारेबाजी कर अवरोध पैदा किया जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता विपक्ष आतिशी समेत 12 विपक्षी सदस्यों को पूरे दिन के लिए निष्कासित कर दिया। हालांकि बाद में दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर विपक्ष के 21 सदस्यों को सदन की तीन बैठकों के लिए निलंबित कर दिया गया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हाल में चुनाव संपन्न हुए हैं और भ्रष्टाचार करने वाली आम आदमी पार्टी सरकार को जनता ने बाहर कर दिया। हम बदले की भावना से काम नहीं करते लेकिन उपराज्यपाल अभिभाषण के दौरान हंगामे और नारेबाजी की ताकि कोई भी विकास कार्यों पर चर्चा न हो, हम काम न कर सकें।

इसलिए मैं प्रस्ताव करता हूं कि नेता विपक्ष आतिशी समेत आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली सरकार के मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह और सत्तापक्ष के सदस्य अभय वर्मा ने सदन से निलंबित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुझे पीड़ा है, विपक्ष ने मुंह छिपाने के लिए यह किया है। इसके बाद 21 विधायकों को तीन दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। बता दें कि आप के 22 विधायकों में से ओखला के विधायक अमानतुल्लाह खान आज सदन में मौजूद नहीं थे, इसलिए 21 के खिलाफ कार्रवाई की गई। अब शराब नीति पर सीएजी रिपोर्ट को लेकर चर्चा वीरवार, 27 फरवरी को भी जारी रहेगी। जबकि सदन की बैठक को भी शुक्रवार 28 फरवरी व 3 मार्च तक बढ़ा दिया गया।

## आबकारी नीति से सरकार दो हजार करोड़ से अधिक का घाटा, सीएम ने सदन में रखी कैग रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट सदन में रखी। भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सरकार को 2021-2022 की आबकारी नीति के कारण 2,002.68 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब हर गारंटी पूरी होने की गारंटी देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली की जनता से किए गए वचन का पालन करते हुए, दिल्ली सरकार जनता को भ्रष्टाचार-मुक्त शासन देने के लिए संकल्पबद्ध है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री होने के नाते, मैं दिल्ली की जनता को पारदर्शी और जनकल्याणकारी शासन देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इसी क्रम में, आज दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र के पहले ही दिन कैग रिपोर्ट पेश की गई। कैग रिपोर्ट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुझे आशा है कि सदस्य सीएजी की रिपोर्ट के निष्कर्षों पर सार्थक चर्चा करेंगे।

# दिल्ली सरकार 'विकसित दिल्ली संकल्प पत्र' को मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में अपनाएगी : सक्सेना

### उपराज्यपाल ने आठवीं विधानसभा के पहले सत्र को किया संबोधित




**नई दिल्ली**। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार दिल्ली की आठवीं विधानसभा के पहले सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में 'विकसित दिल्ली संकल्प पत्र' को अपनाएगी। नवगठित आठवीं दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए दिल्ली सरकार के दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई सरकार दस प्रमुख क्षेत्रों पर जोर देगी। इनमें भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सशक्त नारी, करीब कल्याण, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था, विश्वस्तरीय सड़क परिवहन, स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त दिल्ली, यमुना नदी का पुनरुद्धार, स्वच्छ जल और अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितिकरण एवं किफायती आवास देना शामिली है। उपराज्यपाल ने दावा किया कि पिछले एक दशक से लगातार राजनीतिक टकराव और आरोप-प्रत्यारोप के कारण दिल्ली की प्रगति बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभावी शासन सुनिश्चित करने के लिए नयी सरकार केंद्र और अन्य राज्यों के साथ समन्वय में काम करेगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को इन प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन के लिए 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सत्र के दौरान नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट भी पेश करेगी, ताकि पिछली सरकार की कमियों का विश्लेषण किया जा सके और सुधार के लिए खाका तैयार किया जा सके।

#### हर गरीब महिला को दिए जाएंगे 2500 रुपए

हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2500 रुपए दिए जाएंगे। हर गर्भवती महिला को 21 हजार रुपए आर्थिक मदद और 6 पोषण किट दी जाएंगी। वहीं हर गरीब महिला को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा होली और दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।

#### वरिष्ठ नागरिकों को 10 लाख रुपए तक का मिलेगा मुफ्त इलाज

एलजी ने कहा कि सभी वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क ओपीडी तथा डायग्नोस्टिक सेवाएं तथा 10 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जएगा। वहीं वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रतिमाह, तथा 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं, बेसहारा एवं परित्यक्त महिलाओं की पेंशन 2500 से बढ़ाकर 3000 रुपए की जाएगी।

#### पांच रुपए में खाना खिलाएगी दिल्ली सरकार

उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि झुग्गी बस्तियों में अटल कैंटीन स्थापित करेगी जहां सिर्फ पांच रुपए में पौष्टि भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एलजी ने कहा कि दिल्ली सरकार एक तरफ मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जारी रखेगी वहीं इन योजनाओं को अधिक प्रभावी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाएगी। उन्होंने सदस्यों से कहा कि विकसित दिल्ली बनाने के संकल्प में अपनी भूमिका निभाएं।

## कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को पीडब्ल्यूडी, विधायी मामले, बाढ़ एवं सिंचाई विभाग और गुरुद्वारा चुनाव जैसे अहम विभाग दिए गए हैं। मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के बाद प्रवेश साहिब सिंह ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली प्रदेश के अपने परिवारजनों की सेवा का व्रत लेकर कैबिनेट मंत्री पद के रूप में आज कार्यभार ग्रहण किया। हम सब का सौभाग्य है दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन और नेतृत्व हमारे पास है। अबकी बार डबल इंजन की भाजपा सरकार में दिल्ली को नॉन-स्टॉप अग्रणी राज्य और विकसित राजधानी के रूप में स्थापित किया जाए इस मिशन के लिए हमें काम करना है। हर दिल्लीवासी को मैं ये भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हमारी सरकार सेवा, सुशासन, समानता और गरीब कल्याण के लिए समर्पित होकर काम करेगी। इस दौरान मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रवेश साहिब सिंह को बधाई दी।

## विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे विपक्षी सदस्य

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हटाने का मुद्दा सदन के अंदर उठाया। नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन में बाबा साहब के नारे लगाकर अपना विरोध जताया। जिसके बाद उन्हें सदन से बाहर निकाल दिया गया। सदन से निष्कासित करने के विरोध में आतिशी समेत सदन में मौजूद सभी विपक्षी सदस्य विधानसभा परिसर में स्थापित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे बैठ गए और प्रदर्शन किया।




## महाशिवरात्रि के लिए मंदिरों में तैयारियां पूरी, महादेव-पार्वती विवाह पर श्रद्धालु करेंगे पूजा अर्चना

**नई दिल्ली**। महाशिवरात्रि पर्व बुधवार को मनाया जाएगा जिसके चलते राजधानी के अधिकांश बड़े शिव मंदिरों में तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। मंदिरों को रंग बिरंगी मनमोहक लाइटों से सजाया गया है। अधिकांश मंदिरों में देर रात से लाइनें लग गई। मान्यता है कि त्रिलोकीनाथ महादेव व महामाया जगत जननी मां पार्वती के विवाह के दिन को महाशिवरात्रि पर्व के रूप में मनाया जाता है। महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयार मंदिरों में शामिल रिंग रोड यमुना बाजार पांडव कालीन नीली छतरी वाला महादेव मंदिर, चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर, दिल्ली-गुरुग्राम रोड़ स्थित मंगल महादेव शिव जी की 80 फूट की सबसे ऊंची मूर्ति वाला मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर कनॉट पेलेस, पांडव कालीन श्रीकालका जी मंदिर स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर, प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, झंडेवाला मंदिर, छतरपुर मंदिर आदि शामिल है। वहीं जगह जगह भण्डारों के आयोजन के लिए लगे टेंटों में देर रात से ही प्रसाद बनाने की शुरुआत हो गई। फूल मालाओं, फल, व मिष्ठान आदि विक्रेताओं की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। बड़े मंदिर प्रबंधकों का कहना है कि सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से सभी तैयारियां की जा चुकी है।

## मेट्रो चरण-4 गोल्डन लाइन अंतर्गत इग्नू मेट्रो स्टेशन पर सफलतापूर्वक निकली टीबीएम मशीन

**नई दिल्ली**। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने चरण चार के तहत बन रही लाइनों के निर्माण में एक और बड़ी सफलता प्राप्त की है। डीएमआरसी ने मंगलवार को फेज-4 गोल्डन लाइन अंतर्गत बनाई जा रही सुरंग खुदाई का कार्य पूर्ण करते हुए इग्नू मेट्रो स्टेशन पर टीबीएम मशीन सफलतापूर्वक निकाल ली है। टीबीएम निकलने के तुगलकाबाद - एरोसिटी कॉरिडोर के छतरपुर मंदिर और इग्नू स्टेशन के बीच भूमिगत सुरंग का निर्माण पूरा हो गया है। डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि इग्नू स्टेशन पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) की सफल ब्रेकथ्रू प्रक्रिया के समय उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक आनंद मोहन बजाज, अपर उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक प्रमोद कुमार, डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दयाल के अनुसार डीएमटनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने सुबह इग्नू स्टेशन पर, 1475.00 मी. लंबी सुरंग का निर्माण पूरा कर लिया। यह कार्य 97 मी. लंबी विशाल टीबीएम का उपयोग करके संपन्न किया गया। इस खंड में अप और डाउन मूवमेंट के लिए दो समानांतर गोलाकार सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी समांतर सुरंग का ब्रेकथ्रू मार्च 2025 में निर्धारित है।



## खबर संक्षेप

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर युवक से 92 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट एरिया में क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर युवक से 92,124 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।




पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-50 में रहने वाले नरेश कुमार गोयल ने कहा कि बीती 15 जनवरी को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने उससे एमेक्स क्रेडिट कार्ड बनवाने की बात कही थी।

### होटल में गोली लगने से युवक-युवती की संदिग्ध मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर स्थित एक होटल के कमरे में युवक और युवती की संदिग्ध मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को दोनों की छाती पर एक-एक गोली लगी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शुरुआती जांच में यह मामला सुसाइड का लग रहा है। पुलिस के मुताबिक युवक आईटीआई कर एक कंपनी में अप्रेंटिस कर रहा था।

### सट्टा खिलाने वाले से 2550 नगद बरामद

**फरीदाबाद।** पुलिस टीम ने सट्टा खाई करने वाले आरोपी हितेश को काबू किया है। 24 फरवरी को पुलिस चौकी बड़खल चौक में गस्त पर थी इसी दौरान टीम को सट्टा करने की सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हितेश को फ्रैन्डस कालोनी रेलवे ट्रेक के पास से सट्टा खाई करते हुए काबू किया है। आरोपी से 2550 रुपए नकद व सट्टा पर्ची बरामद हुए है।



### देशी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच की टीम ने देशी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। 24 फरवरी को टिकावली खेड़ी मास्टर रोड पर नाका लगाया था, तभी सामने से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस देखकर वापिस जाने लगा पुलिस टीम को शक होने पर आरोपी की तलाशी ली गई जिसमें मौके से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी बसेलवा कालोनी का रहने वाला है।



### शराब तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-8 की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 24 फरवरी को पुलिस चौकी सेक्टर 8 की टीम गस्त पर थी, इसी दौरान टीम को बाईपास रोड पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब ले जाने वाले सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अशोक वर्मा से 56 किए। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 8 में मामला दर्ज किया गया है।



### शादी पर जमकर की हर्ष फायरिंग, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** जिले में सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के दूल्हा और दुल्हन एक फार्म हाउस में खुद ही हर्ष फायरिंग कर रहे हैं। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। एसी, मंगलवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें पुरुष व महिला दूल्हा-दुल्हन के गेटअप में फाइरिंग कर रहे थे।



## आंगनवाड़ी वर्करों ने किया डीसी ऑफिस पर आक्रोश प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन और वर्कर एवं हैल्पर को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग को लेकर डीसी ऑफिस पर पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि फोटो कैप्चर बंद हो, वर्कर्स को तीसरे व हेल्पर्स को चौथे दर्जे का कर्मचारी बनाने, ग्रेच्यूटी लाभ देने के कोर्ट के निर्णयों को केंद्र व राज्य सरकार लागू करने की मांग की।

गौरतलब है कि जिले में 25 हजार आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिनमें करीब 47 हजार वर्कर्स और हेल्पर्स काम कर रही हैं। 6 हजार से ज्यादा पद खाली पड़े हैं जिन्हे नहीं भरा जा रहा है।

यूनियन सरकार से मांग करती है कि वर्कर्स और हेल्पर्स को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू किया जाए, 2018 की केंद्र की घोषणा 1500,750 का एरियर दिया जाए, केंद्र सरकार के दिशा अनुसार केंद्रों का किराया जारी हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द किया जाए, वर्कर्स और हेल्पर्स को ग्रेच्युटी दी जाए, खाली पड़े हेल्पर्स वर्कर्स, सीडीपीओए पीओ के पद जल्द भरे जाएं।

# महाशिवरात्रि आध्यात्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण

चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू होगी और उसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। हिंदू धर्म में व्रत-त्योहार को उदया तिथि के आधार पर मनाने की परंपरा है, मगर महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना रात्रि में होती है। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का बहुत अधिक महत्व है। इस पर्व भगवान शिव का व्रत रख्कर, उनकी पूजा-अर्चना करने व जलाभिषेक करने से हर प्रकार के कष्ट दूर होते हैं और भगवान शिव की कृपा से सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्राप्ति होती है। महाराजश्री ने बताया कि इस बार चतुर्दशी दो दिन है, मगर महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा। चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर शुरू होगी और उसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। हिंदू धर्म में व्रत-त्योहार को उदया तिथि के आधार पर मनाने की परंपरा है, मगर महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना रात्रि में होती है। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को ही मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर मेंजलाभिषेक करने का अहुत अधिक महत्व है। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान दूधेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने व पूजा-अर्चना करने से भगवान दूधेश्वर की कृपा से सभी संकट व कष्ट दूर होते हैं और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी कारण महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर में लाखों भक्तों का सैलाब उमडता है। पूरे देशसे भक्त भगवान के जलाभिषेंक के लिए आते हैं। इस बार भी देश भर के लाखों भक्त मंदिर पहुचकर भगवान का जलाभिषेक करेंगे और इसके लिए सभी सरकारी विभागों व अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से ऐसी व्यवस्थाएं की जा रही हैं कि जलाभिषेक के दौरान किसी भी भक्त को कोई परेशानी ना हो। श्रीहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी बहुत अधिक तहत्व है। महाशिवरात्रि पर्व की रात उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार से अवस्थित होता है कि मनुष्य के शरीर के भीतर की ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर ब्रह्मांड की ओर जाने लगती है।



### डीसी विक्रम सिंह ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति और रक्षा बल के संबंध में ली समीक्षा बैठक

# अधिकारियों को अपने क्षेत्र में सड़क संबंधी समस्याओं को जल्द दूर करने के दिए निर्देश

डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बाइपास सड़क पर गलत दिशा से आने वाले वाहन चालकों के चालान कर इसकी रोकथाम के लिए ज़रूरी कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



डीसी विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति और विशेष गौ रक्षा बल के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े संबंधित लोगों को सम्बोधित किया।

डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा बाइपास सड़क पर गलत दिशा से आने वाले वाहन चालकों के चालान कर इसकी रोकथाम के लिए ज़रूरी कार्यवाही अमल में लायें। सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, वह उसको गंभीरता से पालन करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क सम्बन्धी समस्याओं को जल्द से जल्द दुरस्त करें। सड़क के बीच में अगर किसी भी प्रकार का कोई खंबा लगा हो, संबंधित विभाग उसपर कार्रवाई करके उसे आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सड़क के बीच से हटाकर साइड पर लगवाए। शहर में जिन भी सड़कों पर गड्ढे हो या टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करवाएं।

#### गौवंश को गौशाला में छोड़कर ब्यौरा अपडेट रखें

सड़कों के किनारे लगी ग्रिल को भी समयानुसार देखते रहे। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस, प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। इसके साथ ही उन्होंने विशेष तौर पर गौ रक्षा बल के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर कही भी अगर गौवंश घूम रहा है तो उसको ले जाकर गौशाला में छोड़े और अब तक कितने गौवंश गौशाला में भेजे जा चुके है उनका पूरा ब्यौरा भी अपने पास अपडेट रखे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पुलिया, जेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रिल लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इकट्ठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक जसलीन कौर, आरटीओ सचिव मुनीश सहगल सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण सहित रोड़ सेफ्टी से जुड़ें अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अवैध खनन की निगरानी

## परमिट के तहत ही करें खनिज परिवहन, अन्यथा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



फरीदाबाद में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो और वैध परमिट के साथ निर्धारित नियमों की पालना करते हुए खनिज परिवहन चलेंए इसके लिए खनन विभाग पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार जिला के खनन विभाग के अधिकारी दिन रात हर खनन गतिविधि व खनिज वाहनों की परिस्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि जिला में किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो रहा है और वे स्वयं अपनी टीम के साथ विभाग द्वारा राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों की जांच निरन्तर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई मालवाहक वाहनों की जांच की गई और खनिज परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल भी की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सभी मालवाहक गाडिय़ों की चेकिंग के साथ-साथ उसमें कितना सामान ले जाया जा रहा है और बिल भी जितना सामान गाड़ी में है, उसी के अनुसार बिल बने हैं या नहीं इस बारे जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी गाड़ी बिना बिल के नहीं मिली इसके साथ ही अरावली क्षेत्र की भी निगरानी की गई।

खनन अधिकारी ने कहा कि यमुना रेती और मिट्टी के अवैध खनन अगर कोई करता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से ऐसा करने वालों के बारे में जिला प्रशासन को सूचना देने का भी आह्वान किया। इसके अलावा माइनिंग विभाग के पास अवैध रेती व मिट्टी खनन के संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विभाग की निरीक्षण टीम और राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पुलिस ने संचालक व सहयोगी पर किया मामला दर्ज

## कैफे में चला रहे थे हुक्का बार, एक को मौके पर पुलिस ने पकड़ा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगो के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल उषा के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने एक कैफे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से हुक्का बार चलने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 24 फरवरी को पुलिस चौकी सेक्टर 16 की टीम गस्त पर मौजूद थी, टीम को सूचना प्राप्त हुई कि अनाज मण्डी 16 फरीदाबाद में कैफे की आड़ में हुक्का बार चल रहा है, जिस पर पुलिस टीम ने कैफे 52 पर रेड की, जहां पर अवैध तरीके से हुक्का बार चलाया जा रहा था, मौका से हुक्का व तंबाकू से संबंधित अवैध सामान बरामद हुआ। जिस पर थाना सेक्टर 17 में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

मौके से विनीत निवासी मकान न. 67 नजदीक बाल्मिकी बस्ती महात्मा गांधी कालोनी बाढ़ मौहल्ला ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ पर बताया कि यह कैफे गुरुदत्त निवासी 10-24 बाढ़ मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद संचालित करता है और मालिक द्वारा ही अवैध हुक्का बार चलाया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा संचालक की तलाश की जा रही है। इस कैफे के विरुद्ध वर्ष 2023 में भी अवैध हुक्का बार चलाने से संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया था।




## दिल्ली- एनसीआर में सक्रिय चेन स्नैचर पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस ने सोमवार।की रात में मुठभेड़ के दौरान दिल्ली एनसीआर में सक्रिय एक स्नैचर को गिरफ्तार किया है। यह स्नैचर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया है। उसके पैर में गोली लगी है। उसके कब्जे से कब्जे से 1 तमंचा, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोका कारतूस, लूट की गई 1 मोटरसाइकिल व स्नेचिंग की गई चैन को बेचकर प्राप्त 10हजार 520 रुपए बरामद किए हैं।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने मंगलवार को बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन कट के पास सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी कुछ देर बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार रेलवे अंडर पास की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस पार्टी द्वारा रोकने का इशारा किया गया। तो वह रुका नहीं बल्कि रेलवे स्टेशन की तरफ मुड़कर तेजी से जाने लगा। कुछ दूर आगे चलकर जल्दबाजी में वह बाइक ओवर ब्रिज के पास गिर गई एवं बाइक सवार व्यक्ति द्वारा अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे पुलिस टीम अपने आप को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के बाए पैर में गोली लगी। जिससे स्नैचर घायल हो गया। के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

#### वाहन बदलकर चैन व मोबाइल स्नेचिंग को देता था अंजाम

आरोपी सुमित उर्फ भूरी उर्फ़ भूरा पुत्र राममेहर गोस्वामी निवासी बंदफाटक थाना लोनी बॉर्डर है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी विकास निवासी नंद नगरी दिल्ली के साथ मिलकर अलग अलग वाहन बदलकर चैन स्नेचिंग व मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं को कारित करता है।

### बिहार जाना थी कफ सीरप की सप्लाई

## गाजियाबाद पुलिस ने मोदीनगर से पकड़ा अवैध कफ सीरप का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद



थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस व औषधि निरीक्षक की सयुक्त टीम ने मंगलवार को मोदीनगर में एक गौदाम में भण्डारित अवैध औषधि एसक्फ कफ सीरप का जखीरा पकड़ा है जिसकी बाजार में कीमत 87 लाख रुपये है। गोदाम से कुल 273 गत्ते जिसमें कुल 40926 शीशी बरामद हुई है और एक आरोपी को व भी गिरफ्तार किया गया है। यह कफ सीरप बिहार जानी थी कफ सीरप की सप्लाई, नशा करने के लिए होता है।

डीसीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस व औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इलायचीपुर में एचडीएफसी बैंक के निकट एक गौदाम में बिना लाईसेन्स के भण्डारित अवैध औषधि खासी का सिरप बरामद की। जिसमें एक शीशी की बाजार कीमत 211 रुपए व बरामद कुल 40926 शीशियों की बाजार कीमत करीब 87 लाख रुपए है। मौके से एक शातिर अभियुक्त गौतम सिंह निवासी ग्राम मुहम्मदनगर डीहा, थाना रामगांव जिला बहराईच को गिरफ्तार किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी नितिन उर्फ चिकू पुत्रः** किशोर कुमार **पताः** मकान नंबर एच–1, राधेपुरी, **दिल्ली FIR No: 135/2020 U/s12 DPG Act पुलिस थानाः जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ चिकू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ चिकू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नितिन उर्फ चिकू, FIR No: 135/2020 U/s12 DPG Act पुलिस थानाः जगतपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नंबर 07 दूसरी मंजिल,
कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा, दिल्ली

DP/2209/SHD/2025
(Court Matter)

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**शुद्धिपत्र-II**

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने विज्ञापन सं. 72 से 87 ऑफ 2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 03.02.2025 के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग (तकनीकी शिक्षा निदेशालय) में विभिन्न विषयों में लेक्चरर्स और फोरमैन इंस्ट्रक्टर के 237 पद विज्ञापित किए थे। उक्त विज्ञापन में शीर्षक परीक्षा की स्कीम / पैटर्न के तहत टिप्पणी–1 और टिप्पणी–2 उल्लेखित की गई थी। उक्त विज्ञापन में टिप्पणी–2 के पश्चात, अन्य टिप्पणी अर्थात टिप्पणी 3 निम्नानुसार डाली जा रही है।

टिप्पणी–3 :– आयोग किसी पद के लिए आवेदकों की संख्या का ख्याल न करते हुए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु सीधे ही उम्मीदवारों को बुलाने का इसका अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 25.02.2025
हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद–1156/13/307/2025/32527/88/7 दि. 25.02.25

**B J DUPLEX BOARDS LIMITED**

CIN - L21090DL1995PLC066281
Regd. Office: H. No.-54, G/F New Rajdhani Enclave, Near MCD Park, New Delhi, 110092
Email: sbj@anandpulp.com, Website: www.bjduplexboard.com
Phone: 011-42141100 / 30251171 / 41410139

**NOTICE OF POSTAL BALLOT AND REMOTE E-VOTING INFORMATION**

Members are hereby informed that pursuant to the provisions of section 110 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 (the "**Act**") read with Rule 20 & 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (the "**Rules**"), Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("**Listing Regulations**"), Secretarial Standard - 2 issued by the Institute of Company Secretaries of India (the "**SS-2**") and other applicable laws and regulations, if any, including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force, BJ Duplex Boards Limited ("**the Company**") is seeking approval from its Members via passing of Resolution as set out in the Postal Ballot Notice dated Thursday, February 20, 2025 ("**Postal Ballot Notice**") by way of electronic voting ("**remote e-voting**") only.

In terms of relevant provisions of the Act and in accordance with the guidelines issued by the Ministry of Corporate Affairs, inter-alia, for conducting Postal Ballot through e-voting vide General Circulars Nos. 14/2020, 03/2022, 11/2022 and 09/2023 dated April 8, 2020, May 05, 2022, December 28, 2022, September 25, 2023 and September 19, 2024 respectively ("**MCA Circulars**"), the Postal Ballot Notice dated Thursday, February 20, 2025, along with the instructions regarding remote e-voting through email to all those Members, whose email address is registered with the Company / Depositories/Depository Participants / Registrar and Share Transfer Agent of the Company ("**RTA**") on the cut-off date Friday, February 21, 2025, have been sent through email on Monday, February 24, 2025. The facility of casting the votes by the members ("**remote e-voting**") will be provided by National Securities Depository Limited (**NSDL**) and the detailed procedure for the same shall be provided in the Postal Ballot Notice.

In compliance with the requirements of the MCA Circulars, physical copy of the Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Forms and pre-paid business envelope will not be sent to the shareholders for this Postal Ballot and shareholders are required to communicate their assent or dissent through the remote e-voting system only.

The Postal Ballot Notice will also be available on the website of the Company www.bjduplexboard.com and on the website(s) of the stock exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com, and The Calcutta Stock Exchange Limited ("CSE") at www.cse-india.com, where the Company's shares are listed.

The notice of Postal Ballot contains the instructions regarding the manner in which the shareholders can cast their vote through remote e-voting. The facility of casting votes by a member using remote e-voting system will be provided by NSDL. The members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e. Friday, February 21, 2025, may cast their vote electronically on the Special Business as set out in the Notice of Postal Ballot dated February 20, 2025, through electronic voting systems of NSDL.

In case of any queries, including issues and concerns related to remote e-voting you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call at: 022-48867000 / 022-24997000 or send a request at evoting@nsdl.co.in or contact Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, National Securities Depository Ltd., at the designated email address: evoting@nsdl.co.in.

**All the members are informed that:**

1. The Special Business as set out in the Notice of Postal Ballot will be transacted through voting by electronic means only;
2. The remote e-voting shall commence on **Tuesday, February 25, 2025, at 09:00 A.M. (IST);**
3. The remote e-voting shall end on **Wednesday, March 26, 2025, at 05:00 P.M. (IST);**
4. During this period, members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of **Friday, February 21, 2025**, may cast their vote by remote e-voting on the Postal Ballot Notice;
5. Members may note that the remote e-voting module shall be disabled by the NDSL after the aforesaid date and time for voting and once the vote on a resolution is casted by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently;
6. A person who is not a Member as on the cut-off date should treat this Notice for information purposes only;
7. The Board of Directors has appointed **M/s. Parveen Rastogi and Company, (Membership No. ACS: A25495, C.P. No.: 26582), Practicing Company Secretary**, to act as the Scrutinizer for conducting the entire postal ballot process in a fair and transparent manner in accordance with the applicable provisions of the Act & Rules;
8. The Scrutinizer will submit its report after the conclusion of remote e-voting but not later than 2 (two) working days from the closing of remote e-voting on or before Friday, March 28, 2025;
9. The result of voting will be announced by the Chairperson or by the Company Secretary of the Company or such other person as authorized by them, on receipt of report from the Scrutinizer after the conclusion of remote e-voting but not later than 2 (two) working days form the closing of remote e-voting on or before Friday, March 28, 2025. The results along with the Scrutinizer's Report, will be placed on the Company's website at www.bjduplexboard.com and simultaneously be communicated to the Stock Exchange and to NSDL.
10. All relevant documents referred to in the Notice or in the accompanying Statement can be obtained for inspection by writing to the Company at email ID sbj@anandpulp.com; on all working days till the conclusion of remote e-voting on Wednesday, March 26, 2025.

**All the shareholders holding shares in physical mode are requested to convert their shares in the Demat mode.**

By Order of the Board
For B J Duplex Boards Limited
Sd/-
Divya Mittal
Company Secretary & Compliance Officer

Date: February 25, 2025
Place: New Delhi

## खबर संक्षेप

### लैंड फॉर जॉब के 78 मामले कोर्ट में तलब



**पटना।** रेलवे में कथित लैंड फॉर जॉब घोटाले में आरजेडी के सुप्रीमो लालू यादव के परिवार को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट नें पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेज प्रताप, बेटी हेमा यादव समेत 78 आरोपियों को तलब किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की सभी चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों को 11 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

### रात में खाना खाकर सोए, सुबह बेहोश मिले



**पीलीभीत।** जिले के बरखेड़ा में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 13 लोगों की हालत बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि सोमवार रात सब्जी के साथ दाल खाने से हालत बिगड़ गई। मंगलवार सुबह परिवार के एक सदस्य के उठने पर अन्य बेहोशी की हालत में मिले। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर सीएमओ ने सीएचसी पहुंचकर भर्ती मरीजों की स्थिति को परखा।

### 17 माह, 3 दिन बाद जेल से रिहा हुए अब्दुल्ला



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के परिवार को बड़ी राहत मिली है। आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम खां की हरदोई जेल से रिहाई हो गई है। अब्दुल्ला आजम खां की 42 मामलों में जमानत होने के बाद सोमवार को कोर्ट से रिहाई के परवाने जारी हुए थे। रिहाई के परवाने मिलते ही हरदोई जेल प्रशासन ने अब्दुल्ला को जेल से रिहा कर दिया। वह 17 माह तीन दिन जेल में रहे थे।

# वाराणसी में पहली बार महाशिवरात्रि के अगले दिन निकलेगी शिव बारात

वाराणसी में महाशिवरात्रि के मौके पर निकलने वाली शिव बारात इस बार अगले दिन निकलेगी। महाकुंभ की भीड़ के कारण प्रशासन के अनुरोध पर बारात समिति ने यह फैसला लिया है।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी में महाशिवरात्रि पर निकलने वाली प्रधान शिव बारात में पहली बार एक दिन बाद निकाली जाएगी। महाकुंभ से भीड़ के पलट प्रवाह को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर चार दशक पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए बारात महाशिवरात्रि के अगले दिन 27 फरवरी को निकालने का फैसला हुआ है। भगवान शिव और पार्वती के विवाह को दर्शाने वाला यह आयोजन 43 सालों से महाशिवरात्रि के दिन ही होता आया है।

प्रशासन के अनुरोध के बाद हुए इस फैसले से राजनीतिक विवाद भी खड़ा हो गया है। वाराणसी के ही रहने वाले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने इसे शहर की परंपराओं पर हमला बताया है। अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत में हस्तक्षेप कर रही है। शिव बारात समिति के संरक्षक मंडल के सदस्यों प्रमुख उद्यमी आरके चौधरी, दीपक बजाज, गौरव अग्रवाल, संतोषी शुक्ला, दिलीप सिंह, महेश माहेश्वरी आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि बारात शाम 6 बजे दारानगर स्थित महामृत्युंजय मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क पहुंचेगी। वहां कन्या पक्ष की ओर से बारातियों का स्वागत बनारसी ठंडई और भांग से किया जाएगा।

**प्रशासन के अनुरोध पर फैसला**

### यूक्रेन,जर्मनी सहित 8 विदेशी महिलाएं बाबा के गणरूप में बारात में होंगी शामिल



कहा कि बाबा विश्वनाथ की बारात के विश्वव्यापी प्रचार प्रसार का परिणाम है कि आठ विदेशी बालाएं बाबा के गणरूप में बारात में शामिल होंगी। इनमें यूक्रेन की यूलिया, ऐलोना, आइरीना, ओलेना, नेटलिया, ओल्हाजुबैदा, जर्मनी की डारिया और यूके की टेंटीना हैं।

### मुख्य आकर्षण होगा महाकुंभ पर केंद्रित झांकी

इस वर्ष बारात का मुख्य आकर्षण महाकुंभ पर केंद्रित झांकी भी होगी। बारात के स्वागत में खड़ी जनता पर त्रिवेणी से मंगाए गए एक टैंकर जल की बौछार की जाएगी। लाइट एण्ड साउंस सिस्टम पर आधारित मसाने की होली की झांकी भी आकर्षण बनेगी। बारात के संयोजक दिलीप सिंह ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि शहर में कुछ लोग प्रधान शिवबारात के नाम पर चंदा उगाही कर रहे हैं। शिव बारात का बीते 43 वर्षों का इतिहास है कि कभी भी बारात के नाम पर किसी से चंदा नहीं लिया गया है।

## सीएम योगी ने कहा-कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी

# मुल्ला-मौलवी की बजाय अपने बच्चों को बना रहे डॉक्टर-इंजीनियर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन सपा पर तीखा हमला किया। सीएम योगी ने विधान परिषद में कहा कि हम बच्चों को मुल्ला मौलवी नहीं डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं। योगी ने साफ कहा कि कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बाद विधान परिषद में भी समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की मानसिकता संकीर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अल्पसंख्यक बच्चों को केवल पारंपरिक मदरसों तक सीमित नहीं रखना चाहती उन्हें मुल्ला और मौलवी बनाने के बजाय डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर भी प्रदान करना चाहती है।इसके लिए डबल इंजन की सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है, लेकिन कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा के आधुनिकीकरण से ही समाज का विकास संभव है। सीएम योगी ने कहा कि स्कूलों में फ्री एजुकेशन की व्यवस्था की जा रही है। उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**खास बातें**

- बेहतर शिक्षा के लिए पैसा उपलब्ध करवा रही डबल इंजन की सरकार
- सभी जनजातियों को मुख्यधारा में लाने का काम किया



### हर बच्चा अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़े

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर बच्चे को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है, जिससे वे केवल मजहबी शिक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चा अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान दे। बच्चे ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति हैं कोई भेदभाव नहीं करेंगे ।

### विधान परिषद में थारू जनजाति का किया जिक्र

*सीएम योगी ने विधान परिषद में विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए थारू जनजाति का जिक्र किया। यह जनजाति उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा क्षेत्र में निवास करती है, जिसमें महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, गोरखपुर और सोनभद्र जैसे जिले शामिल हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे प्रदेश की जनजातियों और वंचित वर्गों की वास्तविक स्थिति से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं।*

## 30 हजार करोड़ होंगे खर्च

# नीतीश कैबिनेट से प्रगति यात्रा से जुड़ीं 120 परियोजनाएं मंजूर

एजेंसी ▶▶ पटना



सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 120 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। ये प्रोजेक्ट दक्षिण बिहार के जिलों से जुड़े हुए हैं। घोषणा सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा के दौरान की गई थी। दक्षिण बिहार की घोषणाओं से संबंधित 123 योजनाओं की विभाग स्तर से पूर्व में ही स्वीकृति दी जा चुकी है। इन योजनाओं की कुल राशि 30 हजार करोड़ रुपए है।

### 146 एजेंडों पर मुहर

पटना में मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में मंगलवार शाम को नीतीश कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 146 एजेंडों पर मुहर लगाई गई, जिनमें से प्रगति यात्रा से संबंधित 120 प्रोजेक्ट हैं।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को लेकर दक्षिण बिहार की 243 योजनाओं की घोषणा की गई है इनमें 123 योजनाओं पर संबंधित विभाग ने मंजूरी दी है, जबकि 120 योजनाओं को मंगलवार को कैबिनेट ने हरी झंडी दी गई।

### प्रगति यात्रा में 430 योजनाओं की घोषणा

अब तक मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान 430 योजनाओं को लेकर घोषणाएं की, जिनकी कुल राशि 50हजारकरोड़है। इसके पूर्व उत्तर बिहार की कुल 187 परियोजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी पिछली कैबिनेट की बैठक में दी जा चुकी है। प्रगति यात्रा की घोषणाओं में पथ और पुल निर्माण की 185, 7 मेडिकल कॉलेज, 9 डिग्री कॉलेज, 14 स्पोर्ट्स कंपलेक्स, 24 धार्मिक स्थलों का विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

## सुरक्षाकर्मियों ने हथियार और गोला-बारूद बरामद किए

**चाईबासा।** सुरक्षाकर्मियों ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक प्रतिबंधित माओवादी संगठन के दो शिविरों को नष्ट कर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि यह घटना जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित टोंटो वन्य क्षेत्र में घटी। बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सदस्यों ने जंगलों में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखा है। इसके बाद सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार को वन क्षेत्र के नजदीक स्थित सरजमबुरू, तुंबाहाका, पूर्ति टोला और जिमकीकिर गांवों में तलाशी अभियान चलाया।

## पेज एक का शेष

### परीक्षाओं के बीच का ...

को एक बार परीक्षा देने पर अगर कुछ विषयों में ही सुधार की आवश्यकता हुई तो वो उन्हीं की परीक्षा दे सकता है। लेकिन अगर कोई छात्र सभी विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए दोबारा से पूरी परीक्षा देने के इच्छुक है तो उसे भी पूरी परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

### 30 लाख 77 हजार...

में उद्योगपतियों व निवेशकों का भारी रूझान देखने को मिला। देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक जीआईएस में शामिल होने के लिए भोपाल आए। राजधानी भोपाल में पहली बार जीआईएस का आयोजन किया गया था। इसके लिए 25 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन निवेशकों व उद्योगपतियों ने कराए थे। इतना ही नहीं जीआईएस में 60 से अधिक देशों के विदेशी प्रतिनिधियों ने निवेश व व्यापारिक सहयोग की संभावनाओं का अन्वेषण किया। जीआईएस के लिए 9 देश पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागी हुए। इसमें कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान, मोरक्को, पोलैंड, रूस, रवांडा व यूनाईटेड किंगडम शामिल हैं। जीआईएस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ ही साथ केंद्र सरकार के कुल 12 मंत्री शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के केंद्रीय सचिव व संयुक्त सचिव अपनी टीम के साथ शामिल हुए। इसके साथ ही एनएचएआई ने पीडब्ल्यू के साथ 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए का एमओयू भी किया।

**यह विदेशी प्रतिनिधि जीआईएस में हुए शामिलः** समिट में जिंबाब्वे सरकार के उप मंत्री राज मोदी, नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, मोरक्को के राजदूत मोहम्मद मलीकी, जिंबाब्वे के राजदूत सुश्री स्टेला न्कोमो, बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिजायर बोनिफेस सोम, माली के राजदूत फेलिक्स डायलो, मोल्दोवा के राजदूत सुश्री अना तबान, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी, रवाना के उच्चायुक्त सुश्री जैकलीन मुकांगीरा, लेसोथो के राजदूत सुश्री लेबोहांग वेलेंटाइन मोचाबा, जापान के महावाणिज्यदूत यागी कोजी, स्विट्जरलैंड के महा वाणिज्य दूत मार्टिन मेयर, रूस के महा वाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव, इटली के महा वाणिज्य दूत वाल्टर फेरारा, थाईलैंड के महा वाणिज्य दूत डोना विट पूल्सावत, कनाडा के सीईओ जेंस माइकल शाल, जापान के महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा, नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक गुडब्रांड शामिल हुए। इसके अलावा 300 से अधिक बृहद इकाइयों के चेयरमैन, सीईओ व मैनेजिंग डायरेक्टर भी शामिल हुए।

**प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगेः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह केवल निवेश का मंच ही नहीं था, बल्कि विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। उन्होंने कहा कि मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रूकेगी, हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे। नई नीतियां लागू करेंगे। आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे। प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह समिट इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जीआईएस का समापन एक सफल आयोजन का अंत नहीं है, बल्कि यह उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 की एक सफल शुरूआत है। यह मप्र को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### ज्यादातर निवेशकों ने ...

लिमिटेड के बाबा एन कल्याणी, राहुल अवस्थी ग्लोबल हेड आफ ऑपरेशन, सन फार्मा के नीरज अखौरी के साथ ही उद्योग से जुड़े कुल 12 कंपनियों ने भागीदारी की। जबकि शहरी विकास में कुल 10, ऊर्जा में 6, खनिज में 12, नवकरणीय ऊर्जा में 7, पर्यटन में 10 बड़ी कंपनियों ने भागीदारी की। इसमें ज्यादातर निवेशकों ने भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, चंबल, के साथ ही ग्वालियर, शहडोल, सागर, रीवा में उद्योग लगाने की पेशकश की।

### मप्र में लैंड-लेबर...

देश को रास्ता दिखाएगी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेवः शाह ने कहा यह समिट मप्र के लिए युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने मध्यप्रदेश में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के प्रयोग की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि ये नया प्रयोग आने वाले दिनों में बहुत सारे प्रदेशों को रास्ता दिखाने वाला है। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र का एक अलग इन्वेस्टमेंट समिट 2 दिन का करके पूरे मध्यप्रदेश का समविकास करने का प्रयास किया गया है। मध्यप्रदेश के अंदर उद्योगगत इन्वेस्टमेंट बढ़ाने का काम इस प्रयोग ने किया है, ऐसा मैं मानता हूं।

**शाह का भोपाल आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागतः** शाह का मंगलवार को भोपाल आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। शाह शाम 4 बजे विशेष विमान से राजकीय विमानतल पर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधयों ने उनका पुष्प-गुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया। डीजीपी कैलाश मकवाना, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा ने भी उनका स्वागत किया।

**अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगेः** शाह ने कहा कि समिट में लोकल और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के कई डायमेंशन अचीव किए गए हैं। समिट में 200 से अधिक भारतीय कंपनियां, 200 से अधिक वैश्विक सीईओ, 20 से अधिक यूनिकॉन संस्थापक और 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टमेंट करने के लिए और यहां के माहौल को देखने के लिए आए हैं। ये मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ा अचीवमेंट है। उन्होंने कहा कि देश में मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र बना है। जो मध्य प्रदेश कभी बीमारू राज्य माना जाता था, उसे भाजपा की सरकार ने 20 साल में बदलकर रख दिया है। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह की कार्ययोजना सरकार ने बनाई है, इसमें से अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे। भाजपा सरकार के 20 साल के कार्यकाल में मप्र में आज 5 लाख किमी रोड नेटवर्क है। 6 हवाई अड्डे हैं, 31 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता है। इसमें से 30 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी है। देश भर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा पैदा करने वाला राज्य भी यह प्रदेश है। मप्र देश का कॉटन कैपिटल भी बन गया है। फूड प्रोसेसिंग के लिए भी मप्र महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है।

**मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा कहीं नहींः** शाह ने कहा कि मप्र में एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन है। बेहतरीन इंफ्रास्ट्रचर यहां बन चुका है। ईकोसिस्टम भी प्रशासन ने उपलब्ध कराया। मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा किसी स्टेट को उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पारदर्शी शासन ने लोगों को इन्वेस्टमेंट के लिए आकर्षित किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनकी वजह से निवेशकों को कोई परेशानी नहीं होंगी। सारी अनुमितयों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों, नियमों को सरल बनाया गया है। शाह ने कहा कि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह भी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं।

## 5.29 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

# गैंगस्टर सद्दाम व लल्ला गद्दी पर सबसे बड़ी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ बरेली

माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम और उसके सहयोगी मोहम्मद रजा उर्फ लल्ला गद्दी की संपत्ति मंगलवार को कुर्क कर दी गई। सोमवार को ही दोनों को कुर्की का नोटिस तामील करा दिया गया था। मंगलवार दोपहर पुलिस प्रशासन की टीम हरुनगला पहुंची। यहां दोनों आरोपियों की 5.29 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा कर लिया गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत बदायूं जेल में बंद सद्दाम और उसके साथी लल्ला गद्दी की बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला स्थित तीन बीघा जमीन को कुर्क किया गया है।


जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने बताया कि 15 दिन में संपत्ति कुर्क करने का आदेश एसडीएम सदर को दिया था। सद्दाम बदायूं जेल में बंद है। लल्ला गद्दी हाल में जमानत पर जेल से बाहर आया है। सदर तहसील की टीम ने बदायूं जेल में संपर्क कर नोटिस तामील कराया। जारी आदेश के अनुसार सद्दाम व लल्ला गद्दी की हरूनगला स्थित भूमि गाटा संख्या 530 व 531 रकबा 1.580 हेक्टेयर में से 1/10 भाग करीब तीन बीघा भूमि को गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा (14) 1 के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 5,29,44,360 रुपये है। एसएसपी की रिपोर्ट पर डीएम ने कुर्की का आदेश दिया था।

## झारखंड पुलिस सिखाएगी आरोपियों को सबक

# नाबालिग लड़कियों से रेप मामले में 18 को किया काबू

एजेंसी ▶▶ खूंटी

झारखंड के खूंटी में 5 नाबालिग लड़कियों का सामूहिक रेप करने वाले 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इन 18 लड़कों में जो 16 साल से ऊपर हैं, उनके साथ वयस्क मुजरिमों की तरह मुकदमा चलाया जाएगा। ऐसा इसलिए जिससे समाज में एक संदेश जाए और ऐसे लड़के गंदे काम न करें। पीड़िक लड़कियों को भी सरकार सभी तरह की सुविधाएं देगी। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 18 लड़कों को गिरफ्तार किया गया है। सभी लड़के नाबालिग हैं। इस मामले में सभी बलात्कार पीड़ित लड़कियों को सरकार की सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गिरफ्तार किए गए 18 लड़कों में से जो 16 साल से ऊपर



हैं,उन पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाया जाएगा ताकि हमारे समाज में लड़के ऐसे गंदे काम न करें।

अपराध शुक्रवार रात को हुआ था, लेकिन लड़कियों के माता-पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस को रविवार को इसके बारे में पता चला। सोमवार को, खूंटी एसपी अमन कुमार ने कहा, 'यह घटना शुक्रवार को रात करीब 9.30 बजे हुई जब 13 से 18 साल के बीच की लड़कियां एक गांव में 'लोटा-पानी' (शादी से संबंधित एक समारोह) से समूह में घर लौट रही थीं।'

## मिड-डे मील खाने से 84 बच्चे हो गए बीमार

# दाल में कीड़ा मिला था फिर भी भोजन में परोसा

एजेंसी ▶▶ लखीसराह

बिहार में मिड डे मील खाने से 80 से ज्यादा बच्चे बीमार हो गए। एक साथ कई स्कूली छात्रों की तबीयत खराब होने के बाद हड़कंप मच गया। लखीसराय जिले के पिपरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुड़वरिया में सोमवार को एमडीएम खाने के बाद बच्चे बीमार पड़ने लगे। शिकायत डीएम मिथिलेश मिश्र तक पहुंचने के बाद पूरा प्रशासनिक तंत्र हरकत में आया। जानकारी के अनुसार सोमवार को निर्धारित एमडीएम मेन्यू के अनुसार हरी सब्जी युक्त दाल तड़का एवं चावल विद्यालय में बनाया गया था।



### तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई

एमडीएम के दाल तड़का में कोई जहरीला कीड़ा गिर गया। उसके बाद भी कीड़ा को निकालकर दाल तड़का बच्चों को परोस दिया गया। एमडीएम खाने के बाद बच्चे जब बीमार पड़ने लगे तो इसकी सूचना डीएम को दी गई। डीएम स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने फुड प्वाइजनिंग के शिकार हुए बच्चों को तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल एवं पिपरिया पीएचसी से एम्बुलेंस भेजकर स्कूली बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जाने लगा तो एमडीएम खाए 84 विद्यार्थी इलाज के लिए पहुंच गए।

### जांच में पाया 10 बच्चे फुड प्वाइजनिंग के पीड़ित

अस्पताल में डीएस डा. राकेश कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता एवं डा. हरदीप बगेरिया के द्वारा सभी बच्चों की जांच की गई। सदर अस्पताल में जांच के दौरान पाया गया कि 10 बच्चे फुड प्वाइजनिंग के पीड़ित है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। वहीं अधिकांश बच्चों में घबराहट थी। जिन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। विद्यालय में विद्यार्थियों के विषाक्त भोजन करने की जानकारी मिलने के बाद अभिभावकों में भी अफरा तफरी मच गई।



# आगे खिसकी 'द डिप्लोमैट' की रिलीज डेट...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह बढ़ गया, लेकिन अब उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि 'द डिप्लोमैट' अब तय समय पर रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। अब यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

लाइफ Style



# सामंथा
## लव लाइफ को रखेंगी प्राइवेट

सामंथा रुथ प्रभु ने तकरीबन एक साल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा कदम रखा है। वह मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही थीं। 'सिटाडेल' फिल्म की एक्ट्रेस ने फिल्म में लौटने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया है कि यह उनका पहला प्यार है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने एक इंटरव्यू में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात ही है। उन्होंने बताया है कि वह जल्द ही 'बंगाराम' फिल्म से बतौर फिल्म निर्माता डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने बताया है कि 'रक्त ब्रह्मांड' सीरीज को भी प्रोड्यूज करने वाली हैं। यह सीरीज अभी प्रोडक्शन फेज में है। सामंथा रुथ प्रभु ने बताया 'मुझे जल्द ही रक्त ब्रह्मांड को खत्म करके दूसरी फिल्मों का काम पूरा करना है, जो अगले महीने में रिलीज होने वाली हैं। एक या दो महीने में बहुत काम हैं जो खत्म करने हैं।' उन्होंने फिल्मों को लेकर अपने प्यार के बारे में बताया है। मुझे लगता है कि फिल्मों से मेरी दूरी अब खत्म हो चुकी। यह मेरा पहला प्यार है। सामांथा रुथ प्रभु को पिछली बार 'सिटाडेल; हनी बनी' में वरूण धवन के साथ देखा गया था। फिल्म का निर्देशन राज डीके ने किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने इंटरव्यू में बताया है कि अपनी लव लाइफ को बहुत प्राइवेट रखेंगी। उन्होंने कहा कि 'सामांथा सिंगल हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा अपनी लव लाइफ के बारे में किसी से बात करूंगी। ये मेरी जिंदगी का हिस्सा है, मैंने इसे बहुत ही निजी रखने के बारे में सोचा है। मैं इसके बारे में दोबारा बात नहीं करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# अब भारत में धूम मचाने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** 'द ब्रूटलिस्ट' अब भारत में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ब्रैडी कॉर्बेट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एड्रियन ब्रॉडी, फेलिसिटी जोन्स, गाइ पीयर्स, जो अल्विन, राफे कैसिडी, स्टेसी मार्टिन, इसाक डी बैंकोले और एलेसेंड्रो निवोला जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। कहानी लास्जलो टोथ (एड्रियन ब्रॉडी) की है, जो एक दूरदर्शी वास्तुकार है, जो युद्ध के बाद के यूरोप से भाग जाता है और अपने जीवन, अपने काम और अपनी पत्नी एर्जबेट (फेलिसिटी जोन्स) के साथ अपने विवाह को फिर से बनाने के लिए अमेरिका आता है।



# ऑस्कर में परफॉर्म करेंगी एरियाना ग्रांडे

**लॉस एंजिल्स।** 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा।



# हनी सिंह ने मेरा करा दिया कमबैक...

**नई दिल्ली।** हाल ही में सिंगर, रैपर हनी सिंह ने अपना एक नया गाना रिलीज किया है, इस गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं। हनी के गाने में ईशा के डांस की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने भी इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। पैपराजी से बात करते हुए एक्ट्रेस ईशा ने हनी सिंह की तारीफ की है। वह मानती हैं कि हनी के गाने में तहलका मचाया हुआ है। अचानक एक पैपराजी ईशा को कहता है कि आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि, हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। हनी सिंह और ईशा गुप्ता वाले जिस गाने की चर्चा इन दिनों सोशल मीडिया पर हो रही है, उसकी खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया है।



# 37 साल बाद तलाक लेंगे गोविंदा-सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने कथित तौर पर अलग होने का फैसला किया है। इन दोनों ने यह फैसला शादी के 37 साल बाद लिया है। गोविंदा और सुनीता आहूजा अक्सर एक साथ कई शोज में साथ नजर आते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड का यह कपल बीते कुछ वक्त से एक-दूसरे से अलग रह रहा है। कथित तौर पर बताया जा रहा है कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की अलग-अलग लाइफ स्टाइल ने उनके बीच दूरियां पैदा कर दी हैं। गोविंदा और सुनीता आहूजा पिछले कुछ समय से अलग रह रहा है। अभी तक, न तो गोविंदा और न ही सुनीता आहूजा ने तलाक की अफवाहों पर कोई आधिकारिक बयान दिया है। बॉलीवुड नाउ के मुताबिक, गोविंदा का एक मराठी एक्ट्रेस के साथ कथित संबंध तलाक का कारण बना है।

## टीवी मसाला



# एआई के गलत इस्तेमाल से परेशान हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लेटेस्ट एपिसोड में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने एआई पर बात की। अमिताभ ने 'केबीसी 16' के कंटेस्टेंट प्रियांशु से कहा, "मेरा अभी तक एआई के साथ जो परिचय हुआ है, वो गलत ही हुआ है। लोग मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर न जाने क्या-क्या बना देते हैं और लिपसिंक कर देते हैं। फिर आम जनता को लगता है कि ये असल में मैं हूं।' बिग बी यहीं नहीं रुके। उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया। बिग बी ने आगे कहा, एक बार, अफ्रीका से मेरे एक प्रशंसक ने मुझे एक तस्वीर भेजी। बता दूं, मैं उनसे आज तक कभी नहीं मिला। उन्होंने जो तस्वीर भेजी उस तस्वीर में मैं कहीं बैठकर कंप्यूटर पर टाइप कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम्हें यह तस्वीर कहां से मिली। उसने कहा कि वह मेरा गाना सुन रहा था और एआई की मदद से ये तस्वीर बना रहा था। वो तस्वीर बिल्कुल रियल लग रही थी। क्या यह संभव है? इस पर प्रियांशु कहते हैं, 'हां! आजकल डीपफेक की मदद से ये हो रहा है। प्रियांशु ने बिग बी को बताया कि वह आईआईटी में हैं। उन्होंने कहा, एक बार मैंने सोचा था कि डीपफेक का कोर्स करूं, लेकिन इसका सिलेबस देखने के बाद मैंने हाथ जोड़ लिए। बता दें, प्रियांशु 25 लाख रुपए के सवाल तक पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता था। ऐसे में उन्होंने क्विट कर दिया और 12,50,000 रुपए लेकर चले गए।

## फराह ने उड़ाया गौरव की बीमारी का मजाक

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो के स्टार गौरव खन्ना इन दिनों शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया में नजर आ रहे हैं जहां वह खूब कुकिंग भी करते हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान नजर आती हैं। गौरव को कलर ब्लाइंडनेस की दिक्कत है और वह पहले एक इंटरव्यू में कई साल पहले बता चुके हैं। अब हाल ही में शो के दौरान फराह, गौरव को कुछ ऐसा बोल देती हैं कि सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और उन्हें काफी इंसेसिटिव बता रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक एपिसोड के दौरान सभी सेलेब्स को फराह का फेमस रोस्ट चिकन बनाने को बोला जाता है। सभी को फराह का रोस्ट चिकन टेस्ट करने को कहा गया, लेकिन क्योंकि गौरव वेजिटेरियन हैं तो वह टेस्ट नहीं करते और दूसरों से फ्लेवर के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वह डिश बना देते हैं, लेकिन प्रेजेंटेशन में उन्हें दिक्कत आती है।



# 'पठान' के सीक्वल में शाहरुख-दीपिका

तपन बक्सी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी! 2023 में आई हाई-वोल्टेज स्पाई एक्शन एडवेंचर फिल्म 'पठान' से शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में जबरदस्त वापसी की थी। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अब उसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल लेकर आ रही है यशराज फिल्म्स। 'पठान 2' की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूरा हो चुका है और फिलहाल डायलॉग्स को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खबर यह है कि इस साल ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तारीख तय हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली इस फिल्म के मुख्य कलाकार इसके सीक्वल में भी बने रहेंगे। यानी हमें फिर से पठान के रूप में शाहरुख खान, रुबीना के रूप में दीपिका पादुकोण,और कर्नल सुनील लूथरा के किरदार में आशुतोष राणा नजर आएंगे। स्क्रिप्ट राइटर अब्बास टायरवाला ने बताया चूंकि 'पठान' की तरह 'पठान 2' में भी तालियों और सीटी बजाने लायक डायलॉग्स होंगे, इसलिए उन्हें और बेहतर बनाने का काम चल रहा है ताकि दर्शकों पर जबरदस्त असर पड़े। हिंदी सिनेमा के दर्शकों को याद होगा कि 2023 में रिलीज हुई शाहरुख और दीपिका की फिल्म "पठान" ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक नया इतिहास रचा था। इस समय शाहरुख खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में "किंग" फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म 2026 के मध्य में रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स में पहले भी कैटरीना कैफ को जोया के रूप में टाइगर फ्रेंचाइजी में दोहराया गया था। इस सीरीज की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और अन्य फिल्मों ने शानदार सफलता हासिल की।



# 'शिवाय' से लेकर 'ब्रह्मास्त्र' तक भगवान शिव को समर्पित हैं ये फिल्में

**नई दिल्ली। आज** (26 फरवरी) को देशभर में महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। इस खास मौके पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भगवान शिव को समर्पित हैं।

**शिवाय** : शिवाय फिल्म में अजय देवगन ने एक माउंटेनियर का रोल निभाया था, जिसका नाम शिवाय होता है। फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के चरित्र को दिखाने को कोशिश की थी। दिलचस्प बात ये है कि अजय देवगन ने अपनी सीने में भगवान शिव का टैटू भी बनवाया है।








**केदारनाथ** : सारा अली खान और सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म केदारनाथ को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। इस मूवी की कहानी पूरी तरह से केदारनाथ मंदिर के ईर्द गिर्द घूमती हैं, जहां पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है।

**बाहुबली** : एसएस राजामौली की 'बाहुबली' का सीन एक सीन तो याद होगा, जिसमें प्रभास भारी-भरकम शिवलिंग को उठाकर अपने कंधे पर उठा लेते हैं और फिर उसे झरने के नीचे रख देते हैं। ये बाहुबली फिल्म का सबसे पॉपुलर सीन है।

**सैटेलाइट शंकर** : सूरज पंचोली की फिल्म सैटेलाइट शंकर भी काफी चर्चा में रही। ये मूवी भी भगवान शिव से कनेक्टेड है। इसकी कहानी भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ बयां करती है।

**ब्रह्मास्त्र** : अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर ने शिवा का किरदार निभाया था, जिसके कुछ खास शक्तियां हैं। इस फिल्म का लोगो साल 2019 में महाशिवरात्रि के मौके पर प्रयागराज के कुंभ मेले से लॉन्च किया गया था।

## जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित गीत हैं अनंत

# महाशिवरात्रि : जय-जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...

*मुंबई। हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित अनंत गीत हैं। शिवरात्रि मतलब भगवान शिव! जो एक साथ सृजनकर्ता और विध्वंसकर्ता दोनों हैं। शिव मतलब महादेव, मतलब त्रिनेत्र, त्रिलोकी, मतलब नृत्य, मतलब तांडव। तांडव मतलब सब नष्ट-भ्रष्ट कर देने को उद्धत। मतलब जो जीर्ण-शीर्ण को नष्ट कर नए के लिए स्थान बनाए और लास्य करे। शिव मतलब रहस्य! जिसे समझना आसान नहीं है, पर जिसकी आराधना की जाती है, पूजा की जाती है। जब भारत में बनी फिल्मों की बात आती है तो भला हम शिव को कैसे भूल सकते हैं? और जब शिव और उनसे जुड़ी बातों की चर्चा फिल्म में होती है, तो बनारस यानी काशी अनायास चली आती है। चाहे सत्यजित राय हों अथवा ऋतुपर्ण घोष, बनारस के आकर्षण से बच नहीं पाते हैं। लेकिन, जब सिने-गीतों में शिव और शिव से जुड़ी फिल्मों-गीतों की बात आती है, तो कान में सबसे पहले गूंजने लगता है, 'ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' और आंख के सामने 2009 में बनी तमिल फिल्म 'नान कडावुल' (अहम ब्रह्मास्मि) का नायक आर्या और उसका शक्तिशाली अभिनय और नृत्य घूमने लगता है।*

### तमिल फिल्म 'नान कडावुल' और काशी

फिल्म के निर्देशक हैं, प्रसिद्ध बाला, उन्होंने इसे जगमोहन के तमिल उपन्यास 'एषामउलगम' (सातवीं दुनिया) पर आधारित किया है। जगमोहन ने ही 'नान कडावुल' के संवाद लिखे हैं। हिन्दी संवाद स्वरूप श्रीनिवास ने तैयार किए हैं। मगर दाद देनी होगी नायक और कोरियोग्राफर (जिसका नाम मुझे मिला नहीं) की। इस फिल्म में जब रुद्रन का पिता उसे काशी में छोड़ कर चला जाता है, तो वह अघोरी के रूप में बड़ा होता है। मगर जब परिवार उसे वापस लाता है तो उसके लिए सांसारिक जीवन में एडजस्ट होना कठिन होता है। पूरी फिल्म में 7 गाने हैं जिनका संगीत दक्षिण के प्रसिद्ध संगीतकार इलैईराजा ने दिया है। ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' गीत विजय प्रकाश और वाली ने लिखा है। सिनेमाटोग्राफ़र हैं, आर्दर ए. विल्सन। विभिन्न 9 पुरस्कारों से सजी यह फिल्म देखनी बनती है।



### मलयालम की फिल्म सोलो

यदि शिव से जुड़ी फिल्म देखनी है तो मलयालम के प्रसिद्ध और खूबसूरत अभिनेता दुल्खर सुल्तान तथा निर्देशक बिजय नम्बियार की फिल्म 'सोलो'देखें। फिल्म एक एंथॉलॉजी है जो चार भिन्न लोगों की कहानी कहती है। चारों में नायक दुल्खर सलमान ही हैं। कहानी चार विभिन्न तत्वोंः क्षिति, जल, पावक, समीर के इर्द-गिर्द घूमती है। स्क्रीनप्ले भी विजय नम्बियार का है तथा संवाद कार्तिक आर. अय्यर के हैं। और सिनेमाटोग्राफ़र हैं सेजल शाह, मधु नीलकंठन तथा गिरीश गंगाधरन।



### शिव के इर्द-गिर्द हिन्दी सिनेमा

हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। शिव की बात हो और भांग न घुटे यह कैसे हो सकता है, सो यहां फिल्म 'आपकी कसम' में एक जमाने के सर्वप्रिय अभिनेता राजेश खन्ना और फिल्म की नायिका मुमताज ने भांग चढ़ा ली है। खूबसूरत हिमालय और उसकी वादी में फिल्माया गया यह गीत खूब चला और आज भी बराबर सुनाई देता है। 1974 में बनी यह फिल्म निर्देशक जे. ओम प्रकाश की पहली फिल्म थी। इसमें राजेश खन्ना, मुमताज के अलावा संजीव कुमार, रहमान, असरानी तथा ए. के. हंगलने भी काम किया है। संगीत आर. डी. बर्मन का है और उन्हें इस फिल्म केलिए फिल्मफेयर नामांकन मिला था। गीतकार आनंद बख्शी का रचा यह गीत उस साल बिनाका गीतमाला की वार्षिक सूची में दूसरे नंबर पर रहा।

### शोले फिल्म की यादें आज भी ताजा

शोले फिल्म के संवादों ने एक नया इतिहास कायम किया। इससे पहले फिल्म के संवाद के कैसेट शायद ही बिके, शायद ही खरीदे और बजाए जाते थे। एक-एक संवाद लोगों को जबानी याद हो गया था। अब जब संवादों की बात हो रही है तो भुलक्कड़, चुलबुली हेमामालिनी यानि बसंती का वो डॉयलॉग याद करें जब उसे मंदिर जाना था लेकिन डाकिए का चश्मा देने वह इमाम साहब के यहां चली आती है और थोड़ी बकबक करने के बाद उसे मंदिर की याद आती है। तांगेवाली पूजा की थाली लिए मंदिर पहुंचती है। वह मौसी के कहे पर सोमवार के सोमवार शिवजी के मंदिर में माथा टेकने पहुंचती है, ताकि ऐसा पति मिले कि दुनिया जले। मगर उसके नंदी (शिव की सवारी) को माथा टेकने से पहले धर्मेंद्र विशाल शिव मूर्ति के पीछे पहुंच कर शिवजी के रूप में कन्या को संबोधित कर बताता है कि उसके होने वाले पति का नाम वीरू है।





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड बैंक, साउथ एशिया के रीजनल डायरेक्टर इमाद फखरी ने वन-टू-वन संवाद किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से वन टू वन भेंट में एमपिन एनर्जी लिमिटेड के पिनाकी भट्टाचार्य ने भेंट की।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कार्य कर रहे जिंदल इंडिया संस्थान के प्रमोटर गुंजन जिंदल पोद्दार और अन्य प्रतिनिधियों ने भेंट की।

# स्वास्थ्य, पर्यटन, रियल एस्टेट में निवेश के प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन सोमवार को विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। पतंजलि समूह के आचार्य बालकृष्ण ने भेंट के दौरान मुख्यमंत्री से हेल्थ एवं वेलनेस क्षेत्र में निवेश के संदर्भ में चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में इटली के कान्सूलेट जनरल वॉलटर फेरेरा भी थे। ईजीट्रिप डॉट कॉम के सीईओ एवं कॉ-फाउण्डर रिकांत पिटी ने भी भेंट की और पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी चर्चा की। टॉरेंट पॉवर के जिगिश मेहता एवं ओमप्रकाश नेनवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई।

## सीएम की उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

आदित्य बिरला ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात कर मप्र में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से किए जा रहे प्रयासों को सराहा। हिन्डालको कम्पनी के एमडी सतीश पई, एमडी ग्रेसिम एचके अग्रवाल, एसेल माईनिंग के एमडी थॉमस चेरियन, अरविंद ग्रुप के डॉ. परम शाह एवं एनटीपीसी के चेयरमैन एवं एमडीगुरदीप सिंह ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन-टू-वन चर्चा की। गोदरेज समूह के ग्रुप प्रेसीडेंट राकेश स्वामी भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले। उन्होंने रियल स्टेट और टाउनशिप क्षेत्र में समूह कीओर से किए जा रहे कार्य की जानकारी दी।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुंबई से आए फिल्मकार जैकी भगनानी ने भेंट कर मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण संबंधी प्रस्ताव दिया।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से डीसीटी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अनीश नाथानी ने मुलाकात की।


मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से वर्ल्ड रिसर्चस संगठन के को-फाउंडर डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. शंकर लाल गर्ग ने भेंट की।

# सबसे सस्ती बिजली बनाने में मप्र ने बनाया रिकॉर्ड

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव जीआईएस में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन में हुए शामिल
- भारतीय रेल के साथ हुआ पीपीए अनुबंध




हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में गत वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेज गति से वृद्धि हुई है। अब यह हमारी कुल ऊर्जा उत्पादन का 15% हो गई है। साथ ही मप्र ने सबसे सस्ती बिजली बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया है। प्रदेश के नीमच जिले में स्थापित सोलर परियोजना में 02 रुपए 14 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उत्पादन किया जा रहा है और यह सस्ती बिजली हमारी सरकार भारतीय रेलवे को बेच रही है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर आयोजित विभागीय शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट आयोजित की गई है, जिसमें दुनिया भर से मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्ताव आ रहे है। देश-विदेश के निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर भरोसा जताया है। हमारे लिए छोटा से छोटा निवेश भी बहुत बड़ा है और हर निवेशक महत्वपूर्ण है।

## नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा विशेष रूप से सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। रीवा में 750 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क स्थापित किया गया है। नीमच में 500 मेगावाट का सोलर पॉवर प्लांट और भारत का सबसे बड़ा पम्पड हाइड्रो पॉवर स्टोरेज प्रोजेक्ट लगाया गया है। यह सबसे सस्ती बिजली का उत्पादन कर रहा है। ओंकारेश्वर में भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है। नर्मदापुरम जिले के मुहासा बाबई में भारत का पहला पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन बनाया गया है। पहले इसके क्षेत्र को बढ़ाकर 884 एकड़ किया गया था, अब इसमें 1000 एकड़ क्षेत्र और बढ़ाया जा रहा है। मप्र भारत के 500 गीगावॉट के नवकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## मध्यप्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि मप्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है। वर्ष 2030 तक भारतीय रेल ऊर्जा के क्षेत्र में नेट जीरो हो जाएगी, अर्थात शत-प्रतिशत बिजली पर चलेगी। अभी 97% रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया गया है। आज मप्र के साथ 170 मेगावाट का पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया है, जो अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मप्र जितनी भी अतिरिक्त बिजली उत्पादित करेगा हम खरीदेंगे। वैष्णव ने कहा कि मप्र में रेलवे नेटवर्क का ऐतिहासिक कार्य चल रहा है। इस क्षेत्र में एक लाख 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद 2456 किमी का रेलवे नेटवर्क तैयार किया गया है।

## नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यः मंत्री शुक्ला

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मप्र में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। आज हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री स्वयं ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आए हैं। मुख्यमंत्री निरंतर प्रदेश में निवेश बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में 10 वर्ष पहले मात्र 500 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादित होती थी जो अब 7000 मेगावाट हो गई है।

## शिखर सम्मेलन में यह उद्योगपति हुए शामिल

शिखर सम्मेलन में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन के आरपी गुप्ता, साउथ एशिया रीजनल डायरेक्टर इमाद फारुकी, अवाडा ग्रुप के विनीत मित्तल, एलएलपी समूह के सुनील जैन, उद्योगपति पराग शर्मा, पिनाकी भट्टाचार्य, पवन अग्रवाल, नवीन खंडेलवाल, राजीव जैन, जिग्नेश मेहता,गुरदीप सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अपर प्रमुख सचिव एमएसएमईमनु श्रीवास्तव ने शिखर सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की और स्वागत भाषण दिया। एमडी अमनवीर सिंह बैंस ने आभार व्यक्त किया।

## ब्लॉग

# पीएम मोदी का जीआईएस-2025 का शुभारंभ करना प्रदेशवासियों के लिए गौरवशाली क्षणः डॉ. यादव

मप्र की राजधानी और झीलों की नगरी भोपाल में सोमवार को नया इतिहास रचा गया है। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि 8वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के इस ऐतिहासिक समागम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद के साथ हुआ है। ये दो दिन मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे। इस वर्ष की थीम है 'अनंत संभावनाएं', जो मध्यप्रदेश में उद्योग और निवेश की असीमित संभावनाओं को दर्शाती है। इन्वेस्टर्स समिट के रूप में निवेश मनीषियों का यह समागम अनंत संभावनाओं के साथ विकास का नया इतिहास लिखने जा रहा है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि राजा भोज की नगरी भोपाल अपने गौरवशाली अतीत के साथ भविष्य की स्वप्निल उड़ान के लिए तैयार है।

हमें अति प्रसन्नता है कि दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के सबसे बड़े नायक, यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं इस समिट के साक्षी बने और उन्होंने मप्र को स्वर्णिम विकास का आशीर्वाद दिया। समिट में अनेक देशों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक बंधु, मप्र के प्रवासी मित्र आदि शामिल हुए हैं। मैं इस समिट में पधारे सभी निवेशकों का अपने हृदय की गहराइयों से मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से स्वागत करता हूं।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरी दुनिया में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत आर्थिक और सामरिक रूप से विश्व में सर्वश्रेष्ठ शक्ति बने। प्रधानमंत्री के इस संकल्प के अनुरूप ही मध्यप्रदेश ने विकास की रूपरेखा तैयार की है। विकास का यह स्वरूप विरासत के साथ वैश्विक भी है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम एक वर्ष पहले निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा पर निकले। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। यह जल, वन, खनिज, पुरा और कृषि संपदा से समृद्ध है। विविधता से संपन्न प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है, मेधा है और आवश्यकता है। इसी को केन्द्र में रखकर हमने पहली बार सबसे पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। इसमें प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्यम शामिल हुआ। हमने व्यापार में सरलता और निवेशकों के साथ सीधे संवाद को प्राथमिकता दी। मार्च 2024 में उज्जैन से शुरू हुई इस निवेश यात्रा में जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, कोलकाता, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी और जापान आदि शामिल हैं।

इन विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोड-शोज के माध्यम से मध्यप्रदेश ने 4.8 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन निवेश प्रस्तावों ने लगभग 2 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित किए हैं, जो प्रदेश के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। हमने वर्ष-2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया और लक्ष्य निर्धारित किया। इसी दिशा में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये। निवेश को सरल,सहज और व्यवहारिक बनाने के लिए विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां बनाई गईं।

निवेश, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 19 नई नीतियां लेकर आए हैं। इन नीतियों से ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल एवं गारमेंट, कृषि, दवा उत्पादन, आईटी, डाटा सेंटर एवं जीसीसी, एनिमेशन एवं गेमिंग, ड्रोन एवं सेमी-कंडक्टर, खनिज, पेट्रोलियम, पर्यटन, शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश कर अच्छा वित्तीय लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को देश का टेक्सटाइल कैपिटल और मैन्युफैक्चरिंग का फेवरिट डेस्टिनेशन कहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। साथ ही हमें टैक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी का 'ट्रिपल-टी' मंत्र दिया है, हम उस मंत्र का अनुसरण करेंगे।

उद्योगों के विकास और विस्तार के लिए भूमि, जल, बिजली और कुशल कार्यबल आवश्यक है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हमारे प्रदेश में सरप्लस बिजली है, पर्याप्त पानी है, विशाल लैंड बैंक है और स्किल्ड मेन पॉवर है। कुशल कार्यबल निर्मित करने के लिए हमने ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना की, जिसमें कौशल संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ऊर्जा संपन्न मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कई नवाचार किए। रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को बिजली की आपूर्ति हो रही है। वर्ष 2030 तक प्रधानमंत्री द्वारा नवकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसमें मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

# मप्र 2047 तक बनेगा 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था

मप्र की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (248.6 लाख करोड़ रुपए) तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 164.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर (13.6 लाख करोड़ रुपए) से 8.6% की सीएजीआर से बढ़ सकती है। भारतीय उद्योग परिसंघ की रिपोर्ट में यह बात रेखांकित हुई है। एनविज़निंग मध्यप्रदेश इकोनॉमी 2047 के अनुसार यह रिपोर्ट आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है जो राज्य के परिवर्तन को आगे बढ़ाएंगे। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ, मध्यप्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6% से बढ़ाकर 6.0% करने के लिए अच्छी स्थिति में है। मध्यप्रदेश को अपने महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विनिर्माण और औद्योगिक विस्तार को केंद्र में रखना होगा।

## सोडियम धातु से महिला शिक्षिका को बनाना चाहते थे शिकार

# तीन छात्राओं समेत पांच छात्रों के कारण हुआ था विस्फोट

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के एक स्कूल के शौचालय में हुए विस्फोट की जांच में पता चला है कि तीन लड़कियों समेत पांच छात्रों ने एक महिला शिक्षिका को निशाना बनाने के लिए सोडियम धातु लगाकर विस्फोट की योजना बनाई थी।

बिलासपुर शहर के मंगला इलाके में 21 फरवरी को एक निजी स्कूल के शौचालय में हुए विस्फोट में चौथी कक्षा की एक छात्रा घायल हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने 23 फरवरी को इसमें शामिल पांच छात्रों में से चार को हिरासत में लिया। एक पांचवें छात्र, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था, को अभी हिरासत में लिया जाना बाकी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए चारों बच्चों, जो सभी कक्षा 8 के छात्र हैं, को किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें किशोर गृह भेज दिया गया। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच और जांच के दौरान तीन लड़कियों समेत पांच छात्रों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद उनमें से चार को रविवार (23 फरवरी) को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि पांचों छात्रों ने कथित तौर पर स्कूल की एक महिला शिक्षिका को निशाना बनाने के लिए विस्फोट की योजना बनाई थी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि छात्रों में से एक ने अपने रिश्तेदार की आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सोडियम धातु खरीदी। उन्होंने शौचालय में टंकी के आउटलेट में सोडियम धातु रखी। उन्होंने कहा, एक चौथी कक्षा की छात्रा ने फ्लश का इस्तेमाल किया, जिससे अनजाने में विस्फोट हो गया और वह घायल हो गई। स्कूल के शिक्षक परीक्षाओं की देखरेख में व्यस्त थे, विस्फोट की आवाज सुनकर शौचालय पहुंचे और घायल लड़की को फर्श पर पड़ा पाया। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच चल रही है।

## जापान से मध्य प्रदेश में निवेश के खुलेंगे नए द्वार

भोपाल। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पार्टनर कंट्री जापान के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने और मप्र में निवेश के नए द्वार खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रॉस कंट्री सेशन का आयोजन किया गया। सेशन में जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीक हस्तांतरण और साझा विकास के अवसरों पर चर्चा हुई। इसमें जापान और भारत के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को सशक्त करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। कौंसुलेट जनरल ऑफ जापान यागी कोजी, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के डायरेक्टर जनरल हीरोयुकी कितामारु, जेट्रो के डायरेक्टर संजय भाटिया और ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी योशीजाने ने अपने विचार रखे।

## रायगढ़ जिला जेल के बंदियों में दिखी खुशी की

# कैदियों को कराया पवित्र गंगाजल मिले पानी से स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला जेल में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल से जेल में बंद समस्त बंदियों को सामूहिक गंगा स्नान कराया गया। इस आयोजन से जेल के बंदियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।




मिली जानकारी के मुताबिक शासन के दिशा निर्देश में प्रदेश के समस्त जेल में बंद बंदियों को महाकुंभ के पवित्र गंगाजल से स्नान कराने की व्यवस्था की गई है। इसी के तहत रायगढ़ जिला जेल में भी धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए बंदियों को पूजा-अर्चना करने का भी अवसर दिया। जिसके पश्चात जेल प्रशासन के द्वारा प्रयागराज से लाये गए दो लीटर गंगाजल को जेल के पानी टंकी में डालकर सभी को गंगा स्नान कराया गया। इस सामूहिक स्नान के बाद कैदियों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम खुद प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में नहीं जा पाते लेकिन शासन की पहल से हमें यहीं गंगा स्नान करने का सौभाग्य मिल गया। रायगढ़ जिला जेल अधीक्षक एस शोभारानी ने बताया कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से वंचित समस्त बंदियों को राज्य शासन के द्वारा व्यवस्था करके गंगा स्नान कराया गया। इसकी तैयारियां हमारे यहां पूर्व से कर ली गई थी। जिसके तहत आज प्रातः 8 बजे पूजा अर्चना पश्चात बंदियों को गंगा स्नान कराया गया। इस आयोजन में 660 बंदियों ने हिस्सा लिया। गंगा स्नान करने के बाद सभी बंदियों में खुशी की लहर है। उन्होंने यह भी बताया कि महाकुंभ स्नान का विशेष महत्व है और इसे मोक्ष की कामना से जोड़ा जाता है।

हरियाणा सरकार

मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना

मौसम के सख्त तेवर से ना हो बागवानी कृषक परेशान
मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना करेगी सम्पूर्ण समाधान

योजना का उद्देश्य
किसानों को पारंपरिक अनाज फसलों की बजाए उच्च जोखिम वाली बागवानी फसलें लेने के लिए प्रोत्साहित करना है

पंजीकरण सुविधा
https:// fasal.haryana.gov.in
मेरी फसल, मेरा ब्यौरा के तहत पंजीकृत सभी किसान इस योजना के लिए नामांकन हेतु पात्र हैं





किसान स्वेच्छा से अंशदान की राशि देकर इस योजना के लिए नामांकन कर सकते हैं

बीमा राशि व किसान का हिस्सा

| फसल | बीमा राशि | किसान का हिस्सा (2.5 प्रतिशत) |
|---|---|---|
| सब्जी व मसाले | ₹30,000 प्रति एकड़ | ₹750 प्रति एकड़ |
| फल | ₹40,000 प्रति एकड़ | ₹1,000 प्रति एकड़ |

अधिक जानकारी के लिए

जिला उद्यान अधिकारी से संपर्क करें अथवा कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021 अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

उद्यान विभाग, हरियाणा
वेबसाइट : www.hortharyana.gov.in ई-मेल : horticulture@hry.nic.in

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

# जर्मनी में दक्षिणपंथ की वापसी के वैश्विक संदेश

जर्मनी में सत्ता परिवर्तन यूरोप में दक्षिणपंथ और कंजरवेटिव के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चांसलर ओलाफ़ शोल्ज़ की करारी हार हुई है। 630 सदस्यीय जर्मन संसद (बुंडेस्टाग) में शोल्ज़ की पार्टी एसडीपी 121 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) में सबसे बड़े व शक्तिशाली देश जर्मनी में चांसलर शोल्ज़ के गठबंधन के नवंबर में टूट जाने के चलते करीब सात महीने पहले ही आम चुनाव कराए गए, जिसमें फ्रेडरिक मर्त्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के कंजरवेटिव गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। हालांकि गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल में भी कंजरवेटिव गठबंधन सीडीयू व सीएसयू की जीत का अनुमान लगाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किसी धुर दक्षिणपंथी गठबंधन की इतनी बड़ी जीत हुई है। हालांकि पूर्व में सीडीयू पार्टी की ही एंजेला मर्केल चांसलर रही हैं। जर्मनी में यह परिवर्तन चौंकाता है। यूरोप में उदार व सोशलिस्ट दलों का दबदबा हाल के वर्षों में मजबूत हुआ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक मुद्दे ने कंजरवेटिव ख्यालों वाले दलों के लिए जमीन उर्वरा बना दी है। अर्थव्यवस्था की सुस्त गति, नए रोजगार सृजन की सुस्ती, अप्रवासियों की बढ़ती मौजूदगी, सांस्कृतिक व सामाजिक डेमोग्राफी में बदलाव आदि ऐसी स्थितियां हैं, जिनके चलते कंजरवेटिव दलों को सफलता मिल रही हैं। अमेरिका में भी अमेरिकी राष्ट्रवाद व संरक्षणवाद का नारा लगाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन को विजय मिली है। ट्रंप ने जर्मनी में सत्ता परिवर्तन पर खुशी जताई है और इसे जर्मन राष्ट्रवाद के उदय के रूप में उद्धृत किया है। कंजरवेटिव सीडीयू/सीएसयू गठबंधन की जीत के बाद अब फ्रेडरिक मर्त्ज़ जर्मनी के नए चांसलर बन सकते हैं। 69 वर्षीय मर्त्ज़ के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने देश का बेहतर नेतृत्व करने का लोगों से वादा किया है। खास बात है कि दूसरी धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी 20 प्रतिशत मत पाकर दूसरे स्थान पर है। यानी पहले व दूसरे स्थान पर दक्षिणपंथी दल हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथी गठबंधन के सत्ता में आने के बाद यूरोपीय यूनियन के कामकाज पर भी इसका असर पड़ेगा। ईयू में जर्मनी प्रमुख सदस्य देश है। ओलाफ़ शोल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। पार्टी को केवल 16.5 प्रतिशत वोट मिले हैं। ग्रीन्स पार्टी को 12 प्रतिशत मत मिले हैं। जर्मनी में यह चुनाव ऐसे समय में हुए हैं जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से चले आ रहे ठहराव, अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने का दबाव तथा यूक्रेन के भविष्य, यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं सामने आ रही हैं। जर्मनी में भी अवैध प्रवासी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा। जर्मनी के अंदर कई हमले हुए हैं जिसे अवैध प्रवासियों ने अंजाम दिया है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के व्यवहार ने यूरोप को सकते में डाल दिया है। यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने रूस का पक्ष लिया है, जबकि यूरोप यूक्रेन के साथ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश और नाटो का प्रमुख सदस्य है। अमेरिका के बाद यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। जर्मनी के इस चुनाव में एलन मस्क व रूस का दखल भी दिलचस्प है। भारत के साथ जर्मनी के रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।



महाशिवरात्रि
श्वेता गोयल

# ध्यान, योग व आत्म-साक्षात्कार की रात

महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को होगी। महाशिवरात्रि का तात्पर्य 'शिव की महान रात्रि' से है और इस अवसर पर शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भक्त इस पर्व को बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। शिवभक्त इस दिन उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भजन-कीर्तन द्वारा भगवान शिव की स्तुति करते हैं। महाशिवरात्रि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्म पुराण में इस पर्व का विशेष वर्णन किया गया है। शिव पुराण के अनुसार, इस दिन शिवलिंग की पूजा करने से समस्त दोष समाप्त होते हैं और साधक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है और उनकी समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन पूरी रात जागरण करता है और भगवान शिव का ध्यान करता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक जागृति की रात भी माना जाता है। इस रात ध्यान और योग करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह रात ध्यान और चिंतन के लिए भी बहुत अच्छी है। शैव परंपरा में तो महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात को भगवान शिव की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर भारत के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर, तिरुवन्नामलाई तथा अन्य प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भारत में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर विशेष मेलों का भी आयोजन किया जाता है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इस दिन भक्तों से खचाखच भरा रहता है और काशी में शिव भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में इस दिन विशेष अनुष्ठान होते हैं। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होता है। शिव अनादि हैं, शिव अविनाशी हैं और उनकी आराधना मोक्ष और परम आनंद की ओर ले जाती है। शिव को ध्यान और योग का आदिगुरु माना जाता है। शिव का शांत



स्वरूप हमें धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है जबकि उनके रुद्र रूप से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शिव अर्धनारीश्वर के रूप में यह संदेश देते हैं कि स्त्री और पुरुष समान हैं और दोनों का समभाव में रहना आवश्यक है। उनके गले में सर्प हमें यह सिखाते हैं कि भय से मुक्त होकर जीवन जीना चाहिए। शिव का त्रिनेत्र ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रतीक है और उनका डमरू सृष्टि की अनाहत ध्वनि का संकेत देता है। महाशिवरात्रि का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक भी है।

यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए बल्कि शिव की तरह धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। शिव हमें यह भी सिखाते हैं कि अहंकार को त्यागकर विनम्रता को अपनाना चाहिए क्योंकि सच्ची शक्ति विनम्रता में ही निहित होती है। शिव अपने गणों और भक्तों को समान दृष्टि से देखते हैं, जिससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। महाशिवरात्रि हमें भक्ति, ध्यान और आत्म संयम का संदेश देती है। यह पर्व हमें शिव के अद्वितीय स्वरूप को समझने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव हमें सिखाते हैं कि सादगी और सरलता ही जीवन का सार है और सच्ची भक्ति वही है, जो अहंकार और आसक्ति से मुक्त हो। महाशिवरात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से अमृत के साथ विष (हलाहल) भी निकला था। उस विष से समस्त सृष्टि के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था और वे 'नीलकंठ' कहलाए। उस घटना की स्मृति में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। महाशिवरात्रि केवल शिव की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि यह जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने और आत्मचिंतन करने का भी अवसर है। भगवान शिव को 'संहार का देवता' कहा जाता है लेकिन उनका संहार विनाश नहीं बल्कि नवीनीकरण का प्रतीक है। शिव का तांडव नृत्य न केवल विनाश का बल्कि सृजन का भी द्योतक है। यह पर्व हमें जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है और शिक्षा देता है कि नकारात्मकता से बाहर निकलकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना ही सच्चा शिवत्व है। महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि इस दिन पृथ्वी की ऊर्जा विशेष रूप से शिव तत्व से प्रभावित होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह समय ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रवाह का काल होता है, जब ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। योगी और साधक इस अवसर का उपयोग आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए करते हैं।

इस रात ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जो मानव शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रात्रि जागरण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और ध्यान तथा साधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का अद्भुत संगम है। यह पर्व हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शिव की आराधना से व्यक्ति न केवल सांसारिक जीवन में सुख प्राप्त करता है बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी करता है। इसलिए, महाशिवरात्रि के दिव्य अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सकारात्मकता को अपनाएंगे, आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे और शिव के आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पर्व विशेष
सोनम लववंशी




# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा

भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है।

महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है। उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है-आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं। शिव की उपासना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, शांति और संयम स्थापित करने का एक प्रयास भी है। महाशिवरात्रि हमें यह बोध कराती है कि शिव हमारे भीतर हैं, वे हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे आचरण में हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक रात्रि का पर्व नहीं, एक निरंतर चलने वाली यात्रा है-आध्यात्मिक जागरण की, आत्मसाक्षात्कार की और शिवत्व की ओर बढ़ने की।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलनः कांतिलाल मांडोत*

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### सत्यम शिवम सुंदरम

अधिकतर लोग समझते हैं कि शिव और शंकर एक ही हैं। परंतु वास्तव में शिव रचनाकार है और शंकर रचना है। शिव अशरीरी हैं, तो शंकर सूक्ष्म शरीर धारी देवता हैं। मूलतः शिव इस संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं और जिसे हम सभी परमपिता परमात्मा के नाम से याद करते हैं, वही शिव हैं। जिस प्रकार एक पिता अपनी संतानों से प्रेम करता है और उनके कल्याण के लिए कार्य करता है, वैसे ही हम सब आत्माओं के पिता शिव भी हमसे प्रेम करते हैं और हमारे कल्याण के लिए ही इस धरा पर अवतरित होते हैं, जिसे हम शिव-जयंती व शिवरात्रि के रूप में मनाते हैं। दरअसल हम सभी आत्माएं अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल पाते हुए विभिन्न जन्म लेती हैं। सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है।

*-संदीप शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष की स्वीकृति



हमारे विपक्षी दल पहले किसी चीज का उपहास उड़ाते हैं, विरोध करते हैं, चर्चा से भागने का प्रयास करते हैं और अंततः उसको स्वीकृति भी देने के लिए तत्पर होते हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी स्नान करके आ गए, यह उनकी स्वीकृति का ही प्रमाण है...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समय बड़ा बलवान



नेता प्रतिपक्ष होते हुए कई बार विजेंद्र गुप्ता जी के साथ दुर्व्यवहार किया गया । आज वही विजेंद्र गुप्ता जी को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया गया है । समय बड़ा बलवान है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बाबा साहेब की फोटो



दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री जी की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो लगी रहने दीजिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### ब्रह्मांड में कुछ खास



पहले मुझे लगा कि महाकुंभ सिर्फ एक बहुत बड़ा फोटो सेशन बनता जा रहा है। लेकिन अब एहसास हो रहा है कि हर कोई वहां जाने की इच्छा महसूस कर रहा है। क्या ब्रह्मांड में कुछ खास होने वाला है?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ट्रंप, पुतिन व मस्क सभी की नेतृत्व शैली एक जैसी



तानाशाही बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यहां तक कि गैर-निर्वाचित उद्यमी एलन मस्क भी 'राजाओं' की तरह हुक्म चला रहे हैं। कुछ लोग इन नेताओं को 'प्रामाणिक' कह सकते हैं क्योंकि वे वही कहते हैं और अक्सर वही करते हैं जो वे मानते हैं। अमेरिका में संघीय अदालत ने नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी थी। शोधकर्ताओं का मानना था कि प्रामाणिकता स्वाभाविक रूप से अच्छी और नैतिक होती है। लेकिन जैसे-जैसे प्रामाणिक नेतृत्व अनुसंधान मजबूत प्रयोगात्मक तरीकों के साथ अधिक परिष्कृत होता जा रहा है, इस शक्तिशाली दृष्टिकोण के बारे में हम जो जानते हैं वह तेजी से बदल रहा है। नेता जो कहते हैं और करते हैं, उससे उनके मूल्यों के बारे में शक्तिशाली संदेश मिलता है। डिजिटल युग में जहां हर ट्वीट और सार्वजनिक कार्य की जांच की जाती है, वहां कर्मचारियों और मतदाताओं के लिए इन संकेतों को समझना महत्वपूर्ण है। आज की अस्थिर दुनिया में नेतृत्व करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए प्रामाणिक नेतृत्व व्यक्त करने के इस नए तरीके को अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# मंगल पर जीवन हमारे पेट के सूक्ष्म जीवों की तरह होगा



अब तक प्रचलित मान्यता यह थी कि जीवन केवल उन परिस्थितियों में ही संभव है, जहां बहुकोशिकीय जीव फलते-फूलते देखे गए हैं। पानी की मौजूदगी, शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान, तटस्थ श्रेणी में पीएच, कम लवणता और सूर्य या समकक्ष ऊर्जा स्रोत का प्रकाश जीवन पनपने के लिए आवश्यक माने जाते थे। हालांकि, 20वीं सदी के मध्य में सूक्ष्मजीव विज्ञानी थॉमस डी ब्रॉक ने 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' के गर्म झरनों में रहने वाले बैक्टीरिया की खोज की, जहां तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, उस समय यह खोज दूसरे खगोलीय पिंडों पर जीवन की संभावनाओं की तलाश से संबंधित नहीं थी, लेकिन इसने इसकी वैज्ञानिक संभावनाओं को व्यापक बना दिया। तब से, 'एक्सट्रीमोफाइल' (अति वातावरण में उत्तरजीविता वाले सूक्ष्मजीव) के नाम से जाने जाने वाले जीवों को पृथ्वी पर कई तरह की चरम स्थितियों में पनपते पाया गया है, ध्रुवीय बर्फ में पड़ी दरारों से लेकर गहरे समुद्र में मौजूद उच्च दबाव क्षेत्र तक में। बादलों में छोटे निलंबित कणों से चिपके हुए और मृत सागर जैसे अत्यधिक खारे वातावरण में या रियो टिंटो जैसे अत्यधिक अम्लीय वातावरण में ये बैक्टीरिया पाए गए हैं। कुछ 'एक्सट्रीमोफाइल' उच्च स्तर की विकिरण के प्रति भी प्रतिरोधी होते हैं।

### जेपीसी के अध्यक्ष सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि सभी सदस्यों का रुख रहा सकारात्मक

# एक राष्ट्र, एक चुनावः जेपीसी बैठक में कानूनी जानकारों ने दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की तीसरी बैठक मंगलवार को कमिटी के अध्यक्ष पीपी चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित, लॉ कमीशन के पूर्व अध्यक्ष ऋतुराज अवस्थी समेत चार लॉ एक्सपर्ट्स ने कमेटी के सामने सुझाव दिए। अब तक कमेटी की दो बैठकें हो चुकी हैं। इस बिल पर कानून मंत्रालय ने संसद की संयुक्त समिति को बताया है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से लोकतंत्र कमजोर नहीं होगा। ना ही संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचेगा। समिति इस समय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से जुड़े विधेयकों पर विचार कर रही है।

'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को संसदीय सौध में संपन्न हुई। एक देश एक चुनाव पर जेपीसी के अध्यक्ष बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि सभी सदस्यों का रुख सकारात्मक रहा। यह एक अच्छी मुलाकात थी। सबसे पहले जस्टिस अवस्थी ने प्रेजेंटेशन दिया। उनके बाद पूर्व सीजेआई यूयू ललित ने प्रेजेंटेशन दिया। सभी सदस्यों ने प्रस्तुतियों के लिए उनकी सराहना की। उनके सवालों का जवाब दिया गया। मैं समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने सकारात्मक रवैया दिखाया और राष्ट्रहित में प्रश्न पूछे। शंकाएं दूर हो गईं। हम एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने दावा किया कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधानमंडलों के कार्यकाल के साथ छेड़छाड़ करके लोकतंत्र को कमजोर करेगा और लोगों के अधिकारों का हनन करेगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सहयोगी ने हैरानी जताई कि क्या दो चुनावों के बीच पांच साल का अंतराल निर्वाचित प्रतिनिधियों की जनता के प्रति जवाबदेही को कमजोर करेगा? उच्चस्तरीय कोविंद समिति के सचिव आईएएस अधिकारी नितेन चंद्रा ने भी समिति के साथ अपने विचार साझा किये। अवस्थी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से होने वाली बचत और विकास को बढ़ावा मिलने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में मोदी सरकार ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था और इसने अपनी रिपोर्ट में इस अवधारणा का जोरदार समर्थन किया था। इसके बाद, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया और सरकार ने लोकसभा में दो विधेयक पेश किये, जिनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक भी था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं पूर्व कानून मंत्री पी पी चौधरी की अध्यक्षता में 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति गठित की थी। संसदीय समिति ने मंगलवार की बैठक को छोड़कर अब तक दो बैठकें की हैं, जिनमें अपने एजेंडे का व्यापक विवरण तैयार किया है और परामर्श के लिए हितधारकों और विशेषज्ञों की सूची दी गई है।

### सीजेआई ने ढांडा की अर्जी ठुकराई

# बांग्लादेश पड़ोसी देश है, हम अर्जी पर दखल नहीं दे सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश ढांडा द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर लक्षित हिंसा से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विदेशी मामलों और पड़ोसी देश के आंतरिक घटनाक्रमों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

## याचिका खारिज कर दी

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार सीजेआई ने दो टूक कहा कि यह विदेश का मामला है और यह अदालत दूसरे देश के मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है। यह बहुत अजीब होगा अगर यह अदालत दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप करेगी। हम कैसे इस मामले में दखल दे दें, वह हमारा पड़ोसी देश है। इसके बाद वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका वापस ले ली, फिर पीठ ने याचिका खारिज कर दी। अर्जी में याचिकाकर्ता ने हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग के अलावा बांग्लादेश से भागकर आए हिंदुओं के लिए नागरिकता के लिए आवेदन देने की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की थी। अर्जी में भारतीय विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को बांग्लादेश में स्थित उच्चायोग के माध्यम से बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों को मदद देने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। इसके अलावा पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चल रहे अत्याचारों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार बांग्लादेश पर वैश्विक दबाव बनाने की मांग भी की गई थी।

### कहा, महिलाएं न घर में सुरक्षित और न ही घर के बाहर नशा बना हुआ है अपराधों की जननी

# हरियाणा में कानून व्यवस्था ठप, प्रदेश सरकार अपराध रोकने में नाकामः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। सरकार अपराधों में अंकुश लगाने में नाकाम रही है, हत्या, लूटपाट, डकैती, रंगदारी, बलात्कार, बलात्कार का प्रयास और छेड़छाड़ की वारदातें बढ़ रही है। नशा अपराधों को बढ़ा रहा है ऐसे में सरकार नशा भी नहीं रोक पाई है। सरकार को कानून व्यवस्था में सुधार की दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए। कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि चुनाव से पहले भी कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को लेकर आवाज उठाई थी तब भी सरकार ने अपराधों में अंकुश लगाने की बात कही थी पर सरकार की नीयत में कोई बदलाव नहीं दिखाई दिया है, कल भी कानून व्यवस्था ठप थी और आज तो इसका जनाजा ही निकला हुआ है। प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में जंगलराज कायम है। उन्होंने कहा कि रोजाना हत्याएं हो रही है, जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है, महिलाओं से दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही है। लूटपाट, डकैती और रंगदारी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। महिलाएं और बच्चियां न घर में और न ही घर के बाहर सुरक्षित है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नशा विकराल रूप धारण करता जा रहा है और नशे के कारण ही अपराध होते है यानि नशा ही अपराधों की जननी है ऐसे में सरकार को नशा खत्म करने की दिशा में भी काम करना होगा। लोगों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार की है और सरकार अपनी इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। कुमारी सैलजा ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश भर से आवाज उठती है पर कोई सुनवाई नहीं होती। वर्ष 2024 के आंकड़े बताते है कि महिलाएं कितनी सुरक्षित थी, प्रदेश में 1431 वारदातें दुष्कर्म की और इतनी ही वारदातें छेड़छाड़ की हुई यानि प्रदेश में रोजाना चार महिलाएं दुष्कर्म की शिकार हुई और इतनी ही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई। इस साल में 112 दुष्कर्म के केस दर्ज हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि बावजूद इसके सरकार दावा करती आ रही है कि अपराधों में कमी आई है। प्रदेश में करीब दो हजार ऐसे स्थान यानि हॉट स्पॉट है जहां पर महिलाओं के साथ अपराध की संभावना ज्यादा होती है साथ ही प्रदेश में 443 ऐसे रूट है जो महिलाओं को लेकर संवेदनशील है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था में सुधार करना चाहिए ताकि किसी प्रकार का भय न हो और आम व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस करता रहे।

## खबर संक्षेप

### केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से शख्स की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित एक 58 वर्षीय शख्स की सोमवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान जॉय इयपे के रूप में हुई हो जो कोच्चि के कवाना का रहने वाला था। जॉय को इलाज के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।



### होस्टल में 10वीं की छात्रा ने बच्चे को दिया जन्म

**मलकानगिरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक सरकारी आवासीय स्कूल के छात्रावास में 10वीं कक्षा की एक छात्रा के एक बच्चे को जन्म देने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया,सोमवार को बोर्ड परीक्षा देने के बाद छात्रावास लौटने पर बच्ची को जन्म दिया।



### मंत्रालय की 7वीं मंजिल से लगा दी छलांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र से एक चौंकाने वाली खबर है। यहां एक शख्स ने मंत्रालय (मुंबई में महाराष्ट्र सरकार का प्रशासनिक मुख्यालय) की 7वीं मंजिल से छलांग लगा दी है। गनीमत ये रही कि शख्स की जान बच गई क्योंकि बीच में सुरक्षा जाली लगी हुई थी। ये शख्स जमीन के मामले में धोखा होने से न्याय मांगने के लिए आया था।



### महाराष्ट्र में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 12% बढ़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर कर्मचारियों के डीए में 5वें वेतन आयोग के अपरिवर्तित वेतनमान के तहत 12 प्रतिशत की वृद्धि की, जो एक जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। 455 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान फरवरी 2025 के वेतन के साथ नकद किया जाएगा।



### शिकायत करने पहुंची नाबालिग से रेप, अरेस्ट


**बेंगलुरु।** जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो जनता को न्याय कहां से मिलेगा? ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंची एक नाबालिग लड़की के साथ रेप की घटना हुई है और रेप के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है।



### 'वास्तविक' श्री सोमनाथ शिवलिंग के पुनरुत्थान की रोचक कहानी सुनाई श्री श्री रविशंकर ने सोमनाथ का शिवलिंग अद्वितीय था क्योंकि यह भूमि को स्पर्श न करके 'हवा में लटका' हुआ था

# अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने मूल सोमनाथ लिंग के टुकड़ों को संरक्षित किया और हजार वर्षों तक 'छिपाए' रहे

जिस तरह 500 साल बाद राम मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, उसी तरह अब हम 1,000 साल बाद मूल सोमनाथ लिंगम की महिमा की वापसी देख रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि विशेष

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर एक हजार वर्ष पहले बारह ज्योतिर्लिंगों में से पहला ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, भक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। यह केवल एक पूजा स्थल नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक शक्तिभंडार था, जो पूरे देश से भक्तों, संतों और साधकों को अपनी ओर खींचता था। कहा जाता है कि सोमनाथ का शिवलिंग अद्वितीय था क्योंकि यह भूमि को स्पर्श न करके हवा में लटका हुआ था।

इन टुकड़ों को देश भर में ले जाने की योजना है, जिससे सोमनाथ में अंतिम रूप से प्रतिष्ठित होने से पहले लाखों लोगों को इनके दर्शन करने की अनुमति मिल सके



## पवित्र शिवलिंग के ये रहे संरक्षक

*श्री श्री ने बताया कि सदियों तक ये सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के टुकड़ों के बनाए गए ये पिंड उन महान संतों और आध्यात्मिक संरक्षकों द्वारा छिपाकर रखे गए, जिन्होंने इनका महत्त्व समझा। इन पिंडों को एक पवित्र लिंगम के रूप में आकार दिया गया और उसकी पूजा की गई। पिछले सदी के पहले हिस्से में स्वामी प्रणवेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु से यह पिंड प्राप्त किए। वे इसे कांची शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती के पास ले गए, जिन्होंने इसे 100 साल तक छिपाकर रखने का निर्देश दिया। इसके बाद ये पिंड सीताराम शास्त्री के परिवार के पास गए, जो 100 वर्ष के बाद इसे वर्तमान कांची शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती के पास ले गए। शंकराचार्य जी के कहने पर उन्होंने यह पिंड पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से मुझे लाकर दिए। जब ये पिंड कपड़े में लपेटकर आए, तो मैंने पाया कि इन शिवलिंगों में एक विशेष चुंबकीय शक्ति थी।*

## इस शिवलिंग के केंद्र में एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र

*श्री श्री ने बताया कि 2007 में जब वैज्ञानिकों ने इन टुकड़ों की सामग्री संरचना का अध्ययन किया तो उन्हें कुछ आश्चर्यजनक तथ्य मिला, जिसने इस लिंगम के रहस्य को और गहरा कर दिया। उन्होंने पाया कि इसके केंद्र में एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र है जो बहुत ही असामान्य है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस स्थिति में लटके रहने के लिए यह एक बहुत ही विशेष और दुर्लभ प्रकार का चुंबकीय पत्थर होना चाहिए। इसकी संरचना क्रिस्टलीय प्रतीत होती है, लेकिन यह किसी भी ज्ञात पदार्थ से मेल नहीं खाती है जिससे पता चलता है कि टुकड़े किसी नई या दुर्लभ चीज़ से बने थे। प्राचीन ग्रंथों में लिंग के बारे में कई उल्लेखों से संकेत मिलता है कि यह बाहरी अंतरिक्ष से आया उल्कापिंड हो सकता है। इन टुकड़ों को देश भर में ले जाने की योजना है, जिससे सोमनाथ में अंतिम रूप से प्रतिष्ठित होने से पहले लाखों लोगों को इनके दर्शन करने की अनुमति मिल सके। हम सभी यह सुनिश्चित करते हुए बारह ज्योतिर्लिंगों मंदिरों और पवित्र स्थलों की यात्रा करेंगे कि भक्त इन लिंगों के रूप में शाश्वत उपस्थिति के साथ फिर से जुड़ सकें।*

# थरूर को अपने हाल पर कांग्रेस ने छोड़ा तो उन्होंने थामा मोदी का हाथ!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



शशि थरूर का सियासी गठबंधन भाजपा से हो चुका है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व ने पहले उन्हें प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाया फिर ₹बेकाम₹ उनके हाल पर छोड़ दिया। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने हरिभूमि के सवालों पर खुल कर कहा, थिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर अगर कांग्रेस के बुलावे पर अमेरिका की अच्छी नौकरी छोड़ कर आये तो कांग्रेस ने वो सब दिया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

अपनी ही पार्टी के पीठ पर वार कर रहे थरूर को समझना चाहिए कि उनके संसदीय क्षेत्र में चुनाव दर चुनाव जीत की मार्जिन क्यों कम हो रही? वे पार्टी से जिम्मेदारी चाहते हैं, संगठन से सरकार तक क्या जिम्मेदारी नहीं दी गई? एक सवाल के जवाब में उक्त नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, पार्टी के पास थरूर क्या खिचड़ी पका रहे हैं, किसके साथ पका रहे हैं? सब की विस्तार से जानकारी है। कांग्रेस पार्टी के नेता ने कहा, थरूर जल्द भाजपा में जाएंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा जब उनका उपयोग करेगी तब उनके सियासी शून्य सामने आएंगे। केरल की सियासत से जुड़े प्रमुख नेता दिल्ली में नेतृत्व से मिलने आए थे, उनमें से एक ने बताया, थरूर केरल के अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की और से मुख्यमंत्री का चेहरा बन सकते हैं. भले ही उसके बाद उनके राजनीतिक कैरियर पर विराम लग जाये। उन्होंने उदाहरण के साथ कहा, राजनीतिक महत्वाकांक्षा सारे सिद्धांतों और प्रतिबद्धताओं से ऊपर होती है. यह हम हिमंता विश्व सरमा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शुभेन्दु अधिकारी से लेकर जितेंद्र प्रसाद, अशोक चव्हांड, मिलिंद देवड़ा, आर पीएन सिंह तक सभी में देख चुके हैं। ये सभी सत्ता के लालच या ईडी, सीबीआई के डर से भाजपा में चले गए हैं। थरूर भी सियासी जीवन की सांध्य बेला में मुख्यमंत्री का पद पाना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में केरल में कांग्रेस को 45% तथा वाममोर्चा को 39 फीसदी वोट मिले थे। इसी से उनकी महत्वाकांक्षा जागृत हो गई है। भले ही वे खुद 16 हजार वोटों से ही चुनाव जीत पाए हैं। अभी वे कांग्रेस कोटे से संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। नेताओं ने कहा, थरूर कांग्रेस नेतृत्व से काम मांग कर अपनी पॉलिटिकल पोशचरिंग कर रहे हैं। बाकी बातें आज की फोटो देश और जनता को बताने को काफी है। वैसे सच ये भी है कि थरूर के भाजपा में जाने की खबरें उनकी पत्नी सुनंदा की कथित हत्या के बाद से गाहे बगाहे चलती रही है।

## बर्फबारी का लुत्फ



**शिमला।** पर्यटक ताजा बर्फबारी का लुत्फ उठाते हुए।

# कांग्रेस का आरोप यूपी में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में हुआ घोटाला, एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग उठाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण के उल्लंघन का मुद्दा उठाते हुए घोटाले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में 18 हजार 500 आरक्षित सीटों पर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2 हजार 637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। जबकि शेष 15 हजार 863 सीटें अनारक्षित वर्ग के लोगों को दे दी गईं। यह फैसला संविधान में प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ है। पुनिया ने कहा कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बार-बार संविधान को बदलने की मंशा दिखाई तो दलित समाज और पिछड़े वर्ग ने दिखा दिया कि भाजपा की मनमानी नहीं चलेगी। भाजपा लोकसभा चुनाव में संविधान की ताकत देख चुकी है। इसीलिए वह अब अप्रत्यक्ष रूप से संविधान पर हमला कर रही है। भाजपा द्वारा संविधान में दिए हुए प्रावधानों के ऊपर हमला किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती घोटाले से स्पष्ट है कि भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों के लोगों को नौकरियों से वंचित रखना चाहती है। यह संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार का खुला उल्लंघन और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह भर्ती घोटाला मध्य प्रदेश के व्यापम घोटाले से भी बड़ा साबित हो सकता है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि आरक्षित वर्गों के हक पर इस तरह डाका डालना न केवल अवैध है, बल्कि देश के सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। बाबा साहेब अंबेडकर जी ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी, लेकिन भाजपा सरकार दलित, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समाज के लोगों को नौकरियों में हिस्सेदारी से भी वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई कांग्रेस नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं।

### डबल इंजन की स्पीड से असम को मिला डबल एडवांटेज

# भाजपा सरकार में यहां की इकोनॉमी दोगुनी हो गई

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा में दो दिनों के एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है तब से असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर 6 लाख करोड़ रहो गया है। यह डबल इंजन सरकार और डबल इंजन की स्पीड का असर है। पूर्वी भारत और नॉर्थ-ईस्ट की पवित्र धरती पर आज नए भविष्य की शुरुआत हो रही है। ये एडवांटेज पूरी दुनिया को असम की प्रगति से जोड़ने का महाअभियान है।

गुवाहाटी में बोले पीएम मोदी



## भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा

*पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग इलाकों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।*

## भारत लंबे विजन पर काम कर रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत आने वाले 25 सालों की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक कदम उठा रहा है। बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। आज दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है जो बहुत तेजी से स्किल्ड हो रही है। आज दुनिया को भारत के 140 करोड़ लोगों पर भरोसा है जो राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निरंतरता का समर्थन करते हैं। आज दुनिया को भारत की गवर्नेंस पर भरोसा है, जो लगातार सुधार कर रही है।*

## 6 साल में अर्थव्यवस्था में आया उछाल

*पीएम मोदी ने कहा कि आज असम का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। 2018 में एडवांटेज असम का पहला संस्करण लॉन्च किया गया था। भाजपा सरकार के शासन में असम की अर्थव्यवस्था 6 साल में दोगुनी हो गई है। यह डबल इंजन वाली सरकार का दोहरा असर दिखाता है। पहले रेल बजट के लिए औसतन 2,100 करोड़ मिले थे, लेकिन 10,000 करोड़ तक कर दिया।*

### नगरकुरनूल सुरंग हादसा

# चौथे दिन श्रमिकों से 40 मीटर दूर रहे हाथ, जीएसआई विशेषज्ञ बुलाए गए

एजेंसी ▶▶ नगरकुरनूल



तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से वहां फंसे आठ श्रमिकों के बचने की संभावनाएं लगातार कम होती दिख रही है।

लगातार बढ़ रहे जलस्तर और कीचड़ के चलते बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। लोगों को बचाने आगे का रास्ता सुझाने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के विशेषज्ञों की मदद ली है। एक अधिकारी ने बताया कि जीएसआई और एनजीआरआई के विशेषज्ञों को बचाव प्रयासों में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी बी. संतोष ने कहा कि आगे कोई भी कदम उठाने से पहले सुरंग की स्थिरता को ध्यान में रखा गया है।

## रिलायंस अगले पांच साल में असम में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी: अंबानी

**गुवाहाटी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि उनकी कंपनी अगले पांच साल में असम में पांच अलग-अलग क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। 'एडवांटेज असम' व्यापार शिखर सम्मेलन में अंबानी ने कहा कि यह पैसा असम को प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए तैयार करने के लिए निवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, '' 2018 के निवेश शिखर सम्मेलन में मैंने 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। तब से निवेश 12,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। यह राशि चौगुनी हो जाएगी और हम अगले पांच वर्ष में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।'' अंबानी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में यह राशि लगाई जाएगी, उनमें हरित व परमाणु ऊर्जा, खाद्य व गैर-खाद्य उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला और रिलायंस के खुदरा स्टोर का विस्तार शामिल है। पूर्वोत्तर के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जोर के बारे में अंबानी ने कहा, ''आपने (मोदी) असम और शेष पूर्वोत्तर को भारत के विकास के नक्शे के केंद्र में ला दिया है। आपने खुद इस क्षेत्र का 70 से अधिक बार दौरा किया है - अतीत में किसी भी अन्य प्रधानमंत्री की तुलना में अधिक।''

## अदाणी चेयरमैन गौतम अदाणी ने असम में 50,000 करोड़ रुपये के निवेश का किया ऐलान'

**गुवाहाटी।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को असम में 50,000 करोड़ रुपये के निवेश का बड़ा ऐलान किया है. यह ऐलान असम एडवांटेज समिट के उद्घाटन समारोह के दौरान किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य असम के विकास की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। गुवाहाटी में आयोजित 'एडवांटेज असम समिट' (**Advantage Assam Summit**) में चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि असम की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर, विरासत और रणनीतिक महत्व उन्हें इस निवेश के लिए प्रेरित करता है।

## टाटा समूह असम में 25,000 करोड़ का निवेश करेगा

**गुवाहाटी।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में असम में एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण इकाई में करीब 25,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी हरित ऊर्जा क्षेत्र में राज्य सरकार के साथ सहयोग करेगी और सौर 'रूफटॉप' तथा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगी। 'एडवांटेज असम' व्यापार शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर चंद्रशेखरन ने कहा, '' टाटा समूह का असम के साथ पुराना और महत्वपूर्ण संबंध है।'' राज्य में समूह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि समूह वर्तमान में असम में 55,000 लोगों को रोजगार प्रदान करता है तथा राज्य सरकार के साथ साझेदारी में 17 कैंसर केयर अस्पतालों का संचालन करता है। उन्होंने जागीरोड में स्थापित होने वाली 27,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर इकाई को ''राज्य में अबतक का सबसे महत्वपूर्ण निवेश'' करार दिया। चंद्रशेखरन ने कहा, '' राज्य के प्रति समूह की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, वह जल्द ही एक अन्य बड़ी इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण इकाई में निवेश करेगा।

## श्री एम एन वी एस प्रभाकर, कार्यकारी निदेशक, ने एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

**नगरनार।** 24 फरवरी 2024: श्री एम एन वी एस प्रभाकर, कार्यकारी निदेशक, ने 21 फरवरी 2025 को एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (**NSL**) के एकीकृत स्टील प्लांट के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। श्री प्रभाकर ने पदभार ग्रहण करने पर कहा, श्एनएसएल, नगरनार की गतिशील टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस टीम ने अपने कमीशनिंग के बाद बहुत कम समय में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



## अद्वित्या 2025: वीआईटी भोपाल का भव्य उत्सव संगीत, संस्कृति और अविस्मरणीय पलों के साथ रोशन हुआ

**भोपाल।** अद्वित्या 2025, वीआईटी भोपाल का वार्षिक सांस्कृतिक और तकनीकी महोत्सव, 20 से 22 फरवरी 2025 तक पूरे जोश और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस उत्सव ने हर उपस्थित व्यक्ति पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी। रोमांचक कार्यक्रमों में 53 तकनीकी और 59 गैर-तकनीकी प्रतियोगिताएँ, वर्चुअल प्रदर्शन और मंत्रमुग्ध कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इस भव्य आयोजन ने मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 20,000 से अधिक छात्रों को आकर्षित किया, जिससे यह एक समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नवाचार का केंद्र बन गया। उत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध पैरा-जूडो एथलीट और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित कपिल परमार द्वारा प्रेरणादायक भाषण के साथ हुआ। इस उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए वीआईटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुश्री कादंबरी एस. विश्वनाथन, वीआईटी भोपाल की ट्रस्टी श्रीमती रमणी बालासुंदरम और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाईस प्रेसिडेंट श्री शंकर विश्वनाथन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भेजा। पहले दिन का आकर्षण बाइक स्टंट शो था, जहाँ पेशेवर राइडर्स ने गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाले स्टंट प्रस्तुत किए। लेकिन रात का असली सितारा रघु दीक्षित शो था। उनके लोक-रॉक फ्यूजन ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। उनके जबरदस्त प्रदर्शन और ऊर्जावान गीतों 'परशिवा, खिड़की,' और 'शक्कर पारी' ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं था,

### वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान 'एम्बर' की नई रिपोर्ट में कहा गया

# उच्च पूंजी लागत के कारण 2030 तक भारत नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से चूक सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए 300 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसके लिए वार्षिक वित्तपोषण को हर वर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होगा। ऐसा न करने पर वह इस महत्वपूर्ण लक्ष्य से चूक सकता है। भारत अगर वार्षिक वित्त पोषण के वर्तमान स्तर से 20 प्रतिशत नहीं बढ़ाता है तो वह 2030 तक 500 गीगावाट (जीडब्ल्यू) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में विफल हो सकता है।

### देरी से पूंजी की लागत 400 आधार अंक बढ़ सकती है

वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान 'एम्बर' की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि नए युग की 'फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी' (एफडीआरई) परियोजनाओं से संबंधित योजनाओं की शुरुआत में देरी और अनिश्चितताओं के कारण पूंजी की लागत 400 आधार अंकों तक बढ़ सकती है।

**खास बातें**

- भारत के 2030 तक 500 गीगीवाट ऊर्जा लक्ष्य है
- लक्ष्य पूरा करने 300 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी
- वार्षिक वित्त पोषण भारत को 20 फीसदी बढ़ाना होगा



### पीपीए पर हस्ताक्षर में विलंब

*इसमें कहा गया है कि परियोजना के चालू होने में देरी.. भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं, 'ग्रिड कनेक्टिविटी' में देरी तथा बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने में विलंब के कारण हुई है।*

### बिजली लागत बढ़ेगी

*रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण लागत में 400 आधार अंकों की वृद्धि के परिणामस्वरूप भारत अपने 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से 100 गीगावाट तक पीछे रह सकता है। इसमें कहा गया है कि पूंजी की उच्च लागत से उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत भी बढ़ेगी।*

### निवेश 13.3 अरब डॉलर होने का अनुमान

*वित्त वर्ष 2023-24 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पारेषण में निवेश 13.3 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, '' हालांकि, एनईपी-14 में उल्लिखित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वार्षिक वित्तपोषण को हर वर्ष 20 प्रतिशत की निरंतर दर से बढ़ाना होगा, जो 2032 तक 68 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। ''*

### 300 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी

इसमें कहा गया है कि भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए 300 अरब अमेरिकी डॉलर के संचयी निवेश की आवश्यकता होगी, जो 14वीं राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी-14) के तहत बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### वित्तपोषण जोखिमों को समझना होगा

एम्बर में भारत के लिए वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक नेशविन रोड्रिग्स ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए परियोजना-विशिष्ट वित्तपोषण जोखिमों को समझना लक्षित शमन उपायों को तैयार करने की कुंजी है जो पूंजी की लागत को कम रखते हैं। नवीकरणीय ऊर्जा में जोखिम विकसित करने वाले कारकों के प्रति सजग रहना उनके विकास को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करे।

## तीसरे वर्ष भारत ने 49 अरब यूरो मूल्य का रूसी तेल किया आयात

**नई दिल्ली।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता और आयातक भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के तीसरे वर्ष में रूस से 49 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा है। वैश्विक शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। भारत पारंपरिक रूप से पश्चिम एशिया से अपना तेल खरीदता रहा है। हालांकि उसने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के तुरंत बाद रूस से बड़ी मात्रा में तेल आयात करना शुरू कर दिया। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिमी प्रतिबंधों और कुछ यूरोपीय देशों द्वारा खरीद से परहेज के कारण रूसी तेल अन्य अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में काफी छूट पर उपलब्ध था। इसके परिणामस्वरूप भारत के रूसी तेल आयात में वृद्धि हुई, जो कुल कच्चे तेल आयात के एक प्रतिशत से बढ़कर अल्प अवधि में 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, आक्रमण के तीसरे वर्ष में नए बाजारों पर रूस की पकड़ मजबूत हुई है। तीन सबसे बड़े खरीदार चीन (78 अरब यूरो), भारत (49 अरब यूरो) और तुर्किये (34 अरब यूरो) रहे। आक्रमण के तीसरे वर्ष में जीवाश्म ईंधन से रूस के कुल राजस्व में इनकी हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया भारत के आयात मूल्य में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। आक्रमण के तीसरे वर्ष में रूस की कुल वैश्विक जीवाश्म ईंधन आय 242 अरब यूरो तक पहुंच गई और यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह कुल 847 अरब यूरो हो गई है।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 100/2024-2025** **दिनांक 24.02.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03240990A | विनाइल कोटेड उपहोल्स्टरी फेब्रिक | 165265 मीटर | 17.03.25 |
| 02 | 10255030A | प्रीमियम ब्लैंकेट कवर वाइट | 27079 नग | 28.03.25 |
| 03 | 10255033A | प्रीमियम बेडशीट 1A, 2A, 3A वाइट | 3196656 नग | 28.03.25 |
| 04 | 10255028A | प्रीमियम पिलो कवर वाइट | 1563833 नग | 28.03.25 |
| 05 | 09252014 | एक्सल एन्ड कैप स्क्रू | 198173 नग | 01.04.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

609/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम कुमार महतो** पुत्र **राम भगत महतो** निवासी म.नं. डी–27, अध्यापक नगर, पी.ओ. नांगलोई, दिल्ली ने case **FIR No. 808/2017 U/s 33/38 Delhi Ex. Act, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **श्याम कुमार महतो** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्याम कुमार महतो** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 808/2017 U/s 33/38 Delhi Ex. Act, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्याम कुमार महतो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम जिला)
कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2312/OD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फईम, पुत्रः जलालुद्दीन, पताः 371, गली नं. 18, न्यू मून स्कूल, जाफराबाद, न्यू सीलमपुर, दिल्ली** ने **DD No. 32 A, dated 09.04.24, U/s 40 A Ex. Act, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फईम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फईम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **DD No. 32 A, dated 09.04.24, U/s 40 A Ex. Act, पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्त **फईम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री संघमित्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
शाहदरा जिला, कमरा नं. 54
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2283/SHD/2025

## सोना 250 रुपये चढ़ा, चांदी एक लाख के स्तर से फिसली

**नई दिल्ली।** रुपये के मूल्य में गिरावट आने के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने में दूसरे दिन भी तेजी जारी रही। सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 88,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 20 फरवरी को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने क्रमशः 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये की गिरावट के साथ एक लाख रुपये के स्तर से नीचे 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, औद्योगिक धातुओं में कमजोरी और डॉलर इंडेक्स में उछाल के कारण चांदी में गिरावट आई। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से शुल्क की आशंका और औद्योगिक धातुओं पर दबाव के कारण वैश्विक शेयर बाजार भी संघर्ष कर रहे हैं।

## पांच दिन की गिरावट के बाद सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा

**मुंबई।** बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक 147 अंक के लाभ में रहा। वित्तीय और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.67 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 17 शेयर लाभ में जबकि 13 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में हालांकि छठे दिन गिरावट जारी रही और यह मामूली 5.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंतिम घंटे में औषधि, धातु और आईटी शेयरो में बिकवाली से निफ्टी नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सर्वाधिक 2.61 प्रतिशत के लाभ में रहा। भारती एयरटेल में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, जोमैटो, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, पावरग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स और टाटा मोटर्स शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा।

**चिकित्सा**

बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाए

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** – आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** – परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** – धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** – वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## एवन साइकिल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ हाथ मिलाया



**नई दिल्ली।** भारतीय साइकिल उद्योग में अग्रणी एवन साइकिल्स को आगामी क्रिकेट सीजन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। यह साझेदारी खेल के उत्साह का जश्न मनाते हुए प्रेरक फिटनेस और स्थिरता के प्रति एवन साइकिल्स के समर्पण को दर्शाती है। गुणवत्ता और नवीनता के पर्यायवाची ब्रांड के रूप में, एवन साइकिल्स इस सहयोग को स्वस्थ, हरित जीवन शैली की वकालत करते हुए क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने के एक तरीके के रूप में देखता है। सनराइजर्स हैदराबाद, जो अपने लचीलेपन और कौशल के लिए जाना जाता है, एवन साइकिल्स के दृढ़ संकल्प और आगे की गति के मूल्यों को पूरी तरह से पूरा करता है।

## टाटा-ईवी ने 2 लाख ईवी की बिक्री का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया

**मुंबई।** 2 लाख से अधिक ईवी की बिक्री के साथ भारत की ईवी क्रांति के झंडाबरदार और भारतीय ईवी बाजार के लीडर, **TATA.ev** ने इस दमदार पड़ाव का जश्न मनाने की शुरुआत कर दी है, जिसके लिए उसने न केवल ग्राहकों का धन्यवाद किया है, बल्कि अगले 45 दिनों तक कई तरह के सीमित समय के शानदार फायदों को भी पेश किया है, जिनका उद्देश्य न केवल नए ग्राहकों को स्थायी और उत्सर्जन मुक्त इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनो के लिए प्रोत्साहित करना है, बल्कि मौजूदा टाटा मोटर्स के वाहनों के मालिकों और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों को नई ईवी में अपग्रेड करने की सहूलियत देना भी है। **TATA.ev** के 2 लाख से ज़्यादा संतुष्ट ईवी ग्राहकों के कस्टमर बेस ने केवल 5 सालों में सामूहिक रूप से 5 अरब किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय की है, जिससे 7 लाख टन $CO_2$ उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है। इस कारण से, जब से यह कैटेगरी प्रभावी रूप से तैयार की गई है, तब से ही कंपनी ने ईवी स्पेस में सबसे ज़्यादा बिकने वाले 4-व्हीलर उत्पादक के रूप में अपने लीडरशिप को मजबूत किया है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार मैमोग्राफी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 24.02.2025 17.03.2025 | 16.50 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/32519/1/88/7 दि. 25.02.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | हरियाणा राज्य में केएमपी एक्सप्रैसवे के मानेसर पलवल सेक्शन के पीओ होल्स, क्रैश बैरियर, मीडियन ड्रेन इत्यादि समेत रोड का वार्षिक रखरखाव। | 25.02.2025 11.03.2025 | बोली जमानत/निविदा दस्तावेज शुल्क/ई-सर्विस चार्जेज (रु. में) 16,60,634/- 20,000/- 1,180/- | www.hsiidc.org.in https://etenders.hry.nic.in | 8558829223 kmpcell.ho@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/32526/1/88/7 दि. 25.02.25

## शब्द पहेली - 5790




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5899 का हल





# भारत से हार के बाद पाक टीम में भूचाल, कोच की होगी छुट्टी, सेलेक्टर्स भी नहीं बचेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान की शर्मनाक विदाई के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा। भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार के बाद अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद और उनके सपोर्ट स्टाफ को हटाने की संभावना जताई जा रही। आकिब जावेद को 2024 के अंत में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद व्हाइट और रेड बॉल दोनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, उनके कार्यकाल में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और रणनीतिक स्पष्टता की कमी नजर आई।

### चयन समिति पर भी गिरेगी गाज

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर मंथन कर रहे हैं कि क्या वर्तमान सेलेक्टर्स को बरकरार रखा जाए। टीम सेलेक्शन में मनमानी और लंबी सोच की कमी के लिए चयनकर्ताओं की आलोचना हो रही है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा,'बोर्ड को जबरदस्त आलोचना का सामना करना पड़ रहा और बदलाव अब अनिवार्य हो गए हैं। हमें स्थायी और दीर्घकालिक योजना की जरूरत है, न कि बार-बार परिवर्तन करने की।

### बड़े मैचों में खरी नहीं उतरी टीम

बाबर आज़म, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद रिज़वान जैसे सितारों से सजी पाकिस्तान टीम बड़े मैचों में उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। भारत के खिलाफ 6 विकेट की हार टीम के लिए बड़ा झटका थी। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की हार ने उनके अभियान को पूरी तरह खत्म कर दिया।



### पूर्व क्रिकेटरों ने भी की जमकर आलोचना

पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनुस ने टीम की रणनीति और प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम दबाव वाले मैचों में ढीली मानसिकता और गलत शॉट चयन के कारण पिछड़ रही। 'पाकिस्तान क्रिकेट खराब निर्णय लेने के चक्र में फंसा हुआ है। कोचिंग सेटअप को पूरी तरह बदलने की जरूरत है। हम अस्थायी समाधान के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।'

### आकिब की जगह इनके नाम चल रहे आगे

आकिब जावेद की विदाई लगभग तय मानी जा रही और पीसीबी घरेलू कोच की ओर रुख कर सकता। विदेशी कोच को बनाए रखने में बोर्ड को हाल के सालों में दिक्कतें आई हैं, इसलिए इस बार स्थानीय उम्मीदवारों पर जोर दिया जा सकता। संभावित उम्मीदवारों में मिस्बाह-उल-हक, मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक का नाम सामने आ रहा है। पीसीबी भारतीय और इंग्लैंड की तर्ज पर टेस्ट और सीमित ओवरों के लिए अलग-अलग कोच रखने पर भी विचार कर रहा है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से हुए बाहर, रेहान अहमद को मिला मौका



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को अपने अगले मैच में 26 फरवरी को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ना है।इस अहम मैच से पहले इंग्लिश टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, इंग्लिश तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

**रेहान अहमद को मिला मौका**

क्रिकइंफो के मुताबिक, कार्स बाएं पैर की चोट के कारण सोमवार को इंग्लैंड के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हो पाए थे। दिलचस्प रूप से वह इसी चोट के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी 2 मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह पर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि इंग्लैंड को अपने आखिरी ग्रुप मैच में 1 मार्च को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है ।

**इंग्लैंड को अपने पहले मैच में मिली थी शिकस्त**

इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले मैच में हार मिली थी। लाहौर में हुए मैच में इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के बड़े शतक की मदद से 351/8 का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में कंगारू टीम ने जोस इंग्लिस के शतक की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### युकी-पोपिरिन ने दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हराया

**दुबई।** भारत के युकी भांबरी और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सी पोपिरिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के राउंड 16 मैच में मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविक की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद भांबरी और पोपिरिन ने शानदार वापसी करते हुए एल साल्वाडोर और क्रोएशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी को 4-6, 7-6(1), 10-3 से हराया।

### रणजी ट्रॉफी : विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**नागपुर।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों के शानदार फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ



बुधवार से नागपुर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। केरल की टीम ने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

### पाक के लिए भारत की 'बी' टीम को हराना मुश्किल होगा: गावस्कर

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के एक दिन बाद भी पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की



तीखी आलोचना हो रही है और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उनको दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम को हराने में भी संघर्ष करना पड़ेगा। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने वाले भारत ने रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन पाकिस्तान को छह

मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से होगा शुरू

# अपने पहले मैच हार चुकी अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच आज होगी कशमकश जंग

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 8वें मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का सामना इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को लाहौर में होगा। ग्रुप-बी में मौजूद इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार मिली थी। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम रहने वाला है। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 26 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### इंग्लैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीते हैं 2 वनडे

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 2 में इंग्लैंड को जीत मिली और 1 मैच को अफगानिस्तान ने अपने नाम किया था। आखिरी बार ये दोनों टीमें वनडे विश्व कप 2023 में आपस में भिड़ी थी, उस मैच को अफगानिस्तान ने 69 रन से जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वो विश्व कप का मुकाबला खेला गया था।



**अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी इंग्लिश टीम**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाज पिछले मैच में 352 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके थे। इंग्लिश टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

डकेट ने अपने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 165 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए थे। रूट ने भी पिछले मैच में अर्धशतक लगाकर अच्छी फॉर्म के संकेत दिए हैं। अफगानिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज रहमत शाह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली थी।


### संभावित टीमें

**अफगानिस्तान एकादशः** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फजलहक फारूकी और नूर अहमद।

**इंग्लैंड एकादशः** फिलिप साल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जो रूट, हैरी बूक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जोफ्रा आर्चर, रेहान अहमद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

दोनों टीमों की बढ़ीं मुश्किलें

## बारिश की भेंट चढ़ा दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच



एजेंसी ▶▶| लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रावलपिंडी में लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। अंपायर भारतीय समयनुसार 5 बजकर 40 मिनट पर बाहर आए और लगभग पांच मिनट तक ग्राउंडस्टाफ से बात की और उन्होंने फिर इसके बाद मैच रद्द कर दिया। दोनों टीमों को अब एक-एक अंक से संतोष करना पड़ेगा।

**दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ीं**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का यह मुकाबला रद्द होने से दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शुक्रवार 28 फरवरी को लाहौर में अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका शनिवार को कराची में इंग्लैंड से खेलेगा। अब ये मैच तय करेंगे कि ग्रुप बी से कौन सेमीफ़ाइनल में पहुंचेगा। फैंस इन मुकाबलों का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं।

### अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच पर भी खतरा

अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ अपने शुरुआती मैच हार गईं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड मुकाबले पर भी सकंट के बाद हैं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच मैच न होने की मांग की जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि इंग्लैंड को अफ़गानिस्तान में तालिबान की कार्रवाइयों के जवाब में मैच का बहिष्कार करना चाहिए। लगातार हो रही बारिश और गीले मैदान के चलते इस मैच में टॉस भी संभव नहीं हो पाया।ऑस्ट्रेलिया को नुकसान, इंग्लैंड के पास मौकाऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका ने अपने पहले मैच में जीत दर्ज की थी। रद्द होने के बाद दोनों के 2-2 मैच में 3-3 पॉइंट हो जाएंगे। लेकिन अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों ही टीमों को अपना आखिरी ग्रुप मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं इस मैच के रद्द होने से इंग्लैंड को फायदा पहुंचा है। इंग्लैंड के पास अब दो मुकाबले जीतकर सीधा सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका होगा। ग्रुप बी में शीर्ष पर है दक्षिण अफ्रीकी टीम ग्रुप-बी में मौजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम के अब 3 अंक (+2.140) हो गए हैं ।

### जेस जोनासेन का अर्धशतक, दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी के बाद जेस जोनासेन (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक की मदद से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 29 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार गेंदबाजी की और गुजरात जायंट्स का शीर्ष क्रम ध्वस्त कर उसे महज नौ विकेट पर 127 रन बनाने दिए। फिर कप्तान मेग लैनिंग की टीम ने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 131 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें जोनासेन ने 32 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के जमाये। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 27 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से 44 रन का योगदान दिया। जोनासेन और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 74 रन की साझेदारी निभाई। इस जीत से दिल्ली कैपिटल्स की टीम छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। इससे पहले भारती फूलमाली ने नाबाद 40 रन की पारी खेलकर खराब शुरुआत करने वाली गुजरात जायंट्स को नौ विकेट पर 127 रन पर पहुंचाने में मदद की। दिल्ली कैपिटल्स के लिए शिखा पांडे, मारिजाने काप और एनाबेल सदरलैंड ने दो दो विकेट हासिल किए। गुजरात जायंट्स ने 60 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रही फूलमाली ने 29 गेंद में दो छक्के और चार चौके लगाकर टीम को 100 रन तक पहुंचाने में मदद की। डायंड्रा डॉटिन (26) ने पारी की शुरुआत में पांच चौके लगाए लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के एकजुट प्रदर्शन के कारण वह पारी को आगे नहीं बढ़ा सकीं।

# अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने तैयार: वेंकटेश अय्यर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है।

गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी। केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया।



### अब तक सभी मैच केकेआर के लिए खेले

बता दें कि वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में 1,326 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने सभी आईपीएल मैच नाइट राइडर्स के लिए खेले हैं।

### कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है : अय्यर

वेंकटेश ने कहा, "निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है।" उन्होंने कहा, "इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है।" वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है।

24 फरवरी 2010 में क्रिकेट के इतिहास में लिखा गया था एक नया अध्याय

# सचिन को दोहरे शतक का 15 साल बाद मिला इनाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

साल 2010 में 24 फरवरी के दिन भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया था। सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में पहला दोहरा शतक जड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। आज 15 साल बाद भी यह ऐतिहासिक पारी क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में ताजा बनी हुई है। इस खास मौके पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सचिन के लिए एक सरप्राइज प्लान किया और इंडियन मास्टर्स टीम के साथ मुंबई में इस उपलब्धि का जश्न मनाया।



### सचिन से मिली विनम्रता सीखने : युवराज

युवराज सिंह ने इस अवसर पर सचिन की विनम्रता की तारीफ करते हुए कहा, "पहले वनडे दोहरा शतक लगाने वाले इंसान। उनके लिए यह मैदान पर एक और दिन जैसा था, लेकिन हमने उनसे हमेशा विनम्रता सीखने को मिला। वह हमेशा पहले मौजूद रहते हैं।

### सचिन तेंदुलकर को मिला खास तोहफा

इस समय इंटरनेशनल मास्टर्स लीग खेली जा रही है, जिसमें भारतीय दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इसी दौरान सोमवार (24 फरवरी) को सचिन तेंदुलकर द्वारा 15 साल पहले बनाए गए ऐतिहासिक दोहरे शतक को सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर सचिन ने केक काटा और मजाकिया अंदाज में कहा, मैं नॉट आउट था, इसलिए अभी भी पैड पहनकर तैयार हूं।

### सचिन तेंदुलकर ने रचा था इतिहास

साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए वनडे मुकाबले में सचिन तेंदुलकर ने नाबाद 200 रन बनाकर इतिहास रच दिया था। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे। बाद में वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, मार्टिन गुप्टिल, क्रिस गेल, फखर जमान और ईशान किशन ने भी वनडे में दोहरे शतक जड़े, लेकिन क्रिकेट इतिहास में पहला दोहरा शतक लगाने का गौरव हमेशा सचिन तेंदुलकर के नाम रहेगा।

### इंडिया मास्टर्स की श्रीलंका मास्टर्स पर शानदार जीत

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत मास्टर्स टीम ने कुमार संगकारा की श्रीलंका मास्टर्स टीम को रोमांचक मुकाबले में 4 रनों से हराया। यह मैच डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में खेला गया, जहां सचिन की टीम ने आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखते हुए जीत दर्ज की।

### प्राग मास्टर्स जीतने के प्रबल दावेदार प्रज्ञानानंदा

**प्राग (चेक गणराज्य)।** टाटा स्टील मास्टर्स में रोमांचक जीत के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग मास्टर्स में जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे। टाटा स्टील मास्टर्स में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को कड़ी टक्कर दी थी और अब वह इस टूर्नामेंट में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं चैलेंजर्स वर्ग में भी भारतीय चुनौती होगी जिसमें दिव्या देशमुख कुछ मजबूत ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों वर्गों का पहला दौर बुधवार को शुरू होगा। ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने पिछले साल लगातार अपने प्रदर्शन और रेटिंग में सुधार की बदौलत शीर्ष शतरंज में पदार्पण किया है। लाइव रेटिंग में 2730 अंक प्राप्त करने के बाद अरविंद विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 के करीब पहुंच रहे हैं और अभी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, प्रज्ञानानंदा और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद देश में पांचवें स्थान पर हैं।


**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**

परिसमापक का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्क: +91 8693053567, ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

**ई–नीलामी – आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016**
**ई–नीलामी की तिथि और समय: 24 मार्च 2025 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35(एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई–नीलामी "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं" के आधार पर आयोजित की जाएगी। ई–नीलामी बिक्री ई–नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई–बिक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्रमांक | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | वृद्धिशील बोली राशि |
|---|---|---|---|---|
| **विकल्प A: पार्सल में परिसंपत्तियों की बिक्री नीलामी की तिथि और समय: 24 मार्च 2025 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक** | | | | |
| 1. | मर्सिडीज़ बेंज - MH04 HD C006 | 4´,31,000 | 4,13,100 | 40,000 |
| 2. | 3 टनल बोरिंग मशीन ईपीबी – कैप 6600 एमएम, मुंडका, नई दिल्ली में स्थित, नंबर एस-723, एस-883 और एस-890 | 4,39,83,000 | 43,98,300 | 4,00,000 |
| **विकल्प बी: रुचि की अभिव्यक्ति का निमंत्रण प्रस्ताव/बोली प्राप्ति की तिथि और समय: 24 मार्च 2025 (सोमवार) शाम 06:00 बजे तक** | | | | |
| 1. | आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण - फार ईस्टर्न माइनिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी संयुक्त उद्यम (एफईएमसी प्रतिभा जेवी) में 100% हिस्सेदारी की बिक्री (सिविल अपील संख्या 3940/2024) मामले में वैट रिफंड को छोड़कर | आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 37ए के अंतर्गत आसानी से प्राप्त न होने वाली परिसंपत्तियों के हस्तांतरण के लिए बोलीदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव/बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 मार्च 2025 है। | | |
| 2. | आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण - 2020 के आईए 1420 में 08 फरवरी 2024 के एनसीएलटी आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी के समक्ष अपील दायर की गई - 71.99 करोड़ रुपये की राशि के लिए 'पीयूएफई आवेदन'। | | | |

नोट:
1. विकल्प ए में बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर–बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक / हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
   बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प ए) या अभिरुचि की अभिव्यक्ति (विकल्प बी): 12 मार्च 2025 (बुधवार)
   निरीक्षण की अंतिम तिथि (विकल्प ए और बी): 19 मार्च 2025 (बुधवार)
   ई–नीलामी के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प ए): 21 मार्च 2025 (शुक्रवार)
   ई–नीलामी की तिथि और समय (विकल्प ए) / बोली जमा करने की अंतिम तिथि (विकल्प बी): 24 मार्च 2025 (सोमवार)

नोट: विस्तृत नियम व शर्तें, ई–नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

तारीख– 26 / 02 / 2025
स्थान: मुम्बई

हस्ता / –
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पता: 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

युवाओं के लिए बड़ा अवसर

# केंद्र सरकार ने की डेटा-विजुअलाइजेशन हैकथॉन की घोषणा, सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करना होगा, पहला स्थान पाने वाले को मिलेंगे 2 लाख रुपए

25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा

दूसरे स्थान पर आने वाले को मिलेंगे एक लाख रुपए

20 हजार रुपए के 25 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने युवाओं को डेटा के माध्यम से नवाचार और नीति निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'इनोवेट विद जीओआईस्टेट्स' नामक डेटा-विजुअलाइजेशन हैकथॉन की घोषणा की है। इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा माईगॉव प्लेटफॉर्म के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा और इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध छात्र भाग ले सकते हैं। इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है।

इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है। इसकी थीम 'विकसित भारत के लिए डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि' रखी गई है यानी सरकारी डेटा का उपयोग करके देश की प्रगति में योगदान देना है



### सरकारी आंकड़ों का करना होगा विश्लेषण

प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को सरकारी आंकड़ों (डेटा) का विश्लेषण कर उसे विजुअल (ग्राफिक्स, चार्ट, रिपोर्ट आदि) के रूप में प्रस्तुत करना होगा। इस डेटा में रोजगार (पीएलएफएस), घरेलू उपभोक्ता व्यय (एचसीईएस), उद्योगों की रिपोर्ट (एएसआई), महंगाई और कीमतों के आंकड़े (सीपीआई) और देश की आर्थिक स्थिति (जीडीपी) जैसी जानकारियां शामिल हैं।

### 30 विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

इस प्रतियोगिता में 30 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पहले स्थान पाने वाले को 2 लाख, दूसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 1 लाख और तीसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 50,000 रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, 25 सांत्वना पुरस्कार के रूप में 20,000 रुपए दिए जाएंगे। इस हैकथॉन में भाग लेने से युवाओं को सरकारी डेटा के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा जिससे वे नीति निर्माण में योगदान दे सकेंगे और अपने विश्लेषणात्मक कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त करेंगे।

### पोर्टल पर करें पंजीयन



अगर आप इस रोमांचक अवसर का हिस्सा बनना चाहते हैं तो **https://innovateindia.mygov.in/goistats** पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता डिजिटल इंडिया और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण को बढ़ावा देने की सरकार की एक नई पहल है। यदि आपको डेटा और विश्लेषण में रुचि है तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है।

---

खबर संक्षेप

### रक्षा मंत्री ने तटरक्षकबल के कर्मियों को किया 32 वीरता पुरस्कारों से सम्मानित



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तटरक्षकबल के कर्मियों को 32 वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस बाबत राजधानी के भारत मंडपम में 18वें तटरक्षकबल अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें रक्षा मंत्री ने बल के कर्मियों को वर्ष 2022, 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा व सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन 32 पदक में 6 राष्ट्रपति तटरक्षक पदक, 11 वीरता पदक और 15 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह पदक केवल स्मृति चिन्ह नहीं हैं। बल्कि यह तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने के लिए बहादुरी, दृढ़ता और अटूट संकल्प का प्रतीक हैं। उन्होंने तटीय सुरक्षा, संगठनात्मक दक्षता, मादक पदार्थों की जब्ती, बचाव अभियान और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में जवानों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही कहा कि तटरक्षकबल एक मजबूत, भरोसेमंद और दुनिया की सबसे कुशल समुद्री सेनाओं में से एक बन गई है। इसके अलावा समुद्री बलों को पारंपरिक और गैर पारंपरिक खतरों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान भी रक्षा मंत्री ने किया।

### यूट्यूबर तन्मय का ट्विटर अकाउंट हैक

**मुंबई।** तन्मय भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के



जरिए जानकारी दी कि उनका ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। ऐसे में उनके ट्विटर अकाउंट पर कोई मैसेज नजर आए, जिस पर उनकी तरफ से कुछ लिखा गया हो? तो उसे सच ना माना जाए। उस बात को अवॉयड किया जाए। तन्मय भट्ट ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह कोशिश कर रहे हैं कि ट्विटर अकाउंट का एक्सेस उनके पास जल्द आ जाए। इसके लिए वह कोशिश कर रहे हैं, जरूरी बातों को फॉलो कर रहे हैं।

---

यूनुस सरकार को लगा बड़ा झटका

## नाहिद ने कैबिनेट से दिया इस्तीफा, लॉन्च करेंगे पार्टी



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन की अगुआई कर रहे स्टूडेंट लीडर नाहिद इस्लाम ने मोदम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वे सूचना व प्रसारण मंत्रालय और पोस्ट, टेलिकम्युनिकेशन और आईटी मंत्रालय में सलाहकार थे। उन्होंने मंगलवार को मोदम्मद यूनुस को अपना इस्तीफा दिया। ऐसी चर्चा है कि नाहिद इस्लाम बांग्लादेश में छात्र नेताओं के साथ मिलकर अब एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे। नाहिद इस्लाम इस पार्टी के संयोजक बन सकते हैं। बता दें, बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन हिंसक होता चला गया, जिसके बाद शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी थी। तब से नाहिद इस्लाम सरकार में सलाहकार थे। नाहिद यूनुस सरकार के कामकाज से नाराज बताए जा रहे हैं।

### जल्द हो सकते हैं चुनाव

कैबिनेट से नाहिद इस्लाम का इस्तीफा और आंदोलनकारी छात्रों द्वारा नई पार्टी के गठन से इस बात की संभावना को बल मिला है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जल्द ही चुनाव हो सकते हैं और लोकतंत्र की बहाली हो सकती है। नए कदम से शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्र नेताओं ने यूनुस सरकार पर इसका दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि,मोहम्मद यूनुस कह चुके हैं कि 2025 के अंत तक चुनाव हो सकते हैं। यूनुस एक अनिर्वाचित और अलोकप्रिय नेता हैं। उन्हें जनसमर्थन हासिल नहीं है। अंतरिम सरकार का मुखिया बनने के बाद से ही उनके कार्यकाल में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमले भी बढ़े हैं। उन्होंने इस्लामवादियों को खुली छूट दे रखी है। इस वजह से उनकी चौतरफा आलोचना भी हो रही है।

### संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे

उम्मीद है कि नाहिद इस्लाम आगामी शुक्रवार को लॉन्च होने जा रही नई राजनीतिक पार्टी के संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन और राष्ट्रीय नागरिक समिति की पहल पर यह नई राजनीतिक पार्टी शुरू होने जा रही है। पार्टी गठन की चर्चा कई दिनों से चल रही थी। रविवार को इस्लाम ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। तभी से अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। जब वे यूनुस के आवास पर बैठक के लिए पहुंचे तो उनकी कार पर सरकारी झंडा लगा था, लेकिन बैठक के बाद जब वे निकले तो झंडा गायब था।

---

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में एक वर्चुअल संबोधन में जयशंकर की दो टूक

# भारत हमेशा आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की' नीति की पुरजोर करेगा वकालत

जयशंकर ने कहा कि दुनिया संघर्षों से जूझ रही है और उभरती चुनौतियों के सामने यह अधिक खंडित, अनिश्चित और अस्थिर होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में मौजूदा बहुपक्षीय संरचनाओं की गंभीर अपर्याप्तता उजागर हुई है

- वर्तमान में एक बहुपक्षीय प्रणाली की स्पष्ट और तत्काल आवश्यकता
- दुनिया भर के देशों के साथ भारत की विकास साझेदारी दिख रही
- भारत सुधारों की दिशा में समर्थन करने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में एक वर्चुअल संबोधन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि हम आतंकवाद का मुकाबला करने में दृढ़ और अडिग रहे हैं। भारत हमेशा आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की' नीति की वकालत करेगा और इसे सामान्य बनाने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा।

उन्होंने कहा कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर चर्चा करते हुए, जयशंकर ने कहा कि दुनिया संघर्षों से जूझ रही है और उभरती चुनौतियों के सामने यह अधिक खंडित, अनिश्चित और अस्थिर होती जा रही है।

पिछले कुछ वर्षों में मौजूदा बहुपक्षीय संरचनाओं की गंभीर अपर्याप्तता उजागर हुई है। जब दुनिया को उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी, तो वे अपर्याप्त पाई गईं। वर्तमान परिस्थितियों के बीच एक बहुपक्षीय प्रणाली की स्पष्ट और तत्काल आवश्यकता है जो समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाती हो, जो आधुनिक चुनौतियों का जवाब देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो और, संक्षेप में, उद्देश्य के लिए उपयुक्त हो क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में मौजूदा संरचनाओं की गंभीर रूप से कमी उजागर हुई है।



फाइल फोटो

### मानवाधिकारों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई

जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा मानवाधिकारों के वैश्विक प्रचार और संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई है। मैं मानवाधिकारों के वैश्विक संवर्धन और संरक्षण तथा सभी लोगों के लिए उनके पूर्ण कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हूं।

उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण हमारे भागीदारों की प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षमता निर्माण और मानव संसाधन तथा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा है जिसमें हमेशा वित्तीय जिम्मेदारी, पारदर्शिता और स्थिरता के सिद्धांतों को कायम रखा गया हो। दुनिया भर के देशों के साथ भारत की विकास साझेदारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### दुनिया संघर्षों और संकटों से जूझ रही

विदेश मंत्री ने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकमम यानी दुनिया को एक परिवार मानने की बात केवल बोलते नहीं हैं, बल्कि इसके अनुसार जीते हैं और आज, पहले से कहीं अधिक, इस दृष्टिकोण की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया संघर्षों और संकटों से जूझ रही है, उभरती चुनौतियों के सामने और अधिक खंडित, अनिश्चित तथा अस्थिर होती जा रही है, जबकि यह हाल की चुनौतियों से उबरने के लिए संघर्ष कर रही है। भारत सुधारों की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने और उनका नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

---

युद्ध के तीन साल पूरे होने के मौके पर संयुक्त राष्ट्र में लाए गए किसी प्रस्ताव पर पहली बार अमेरिका ने रूस का समर्थन करते हुए किया साथ में मतदान

## यूएन में यूक्रेन का दामन छोड़ रूस संग खड़ा हो गया अमेरिका, भारत की मतदान से दूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के साथ चल रहे युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र में लाए गए एक हालिया प्रस्ताव पर हुए मतदान ने दुनिया में सभी को पूरी तरह से हैरान कर दिया। रूस के यूक्रेन पर किए गए आक्रमण की निंदा करने, वहां से तुरंत अपनी सेनाओं की वापसी के साथ शत्रुता समाप्त करने और युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान करने के ऐलान से जुड़े इस प्रस्ताव के विरोध में अमेरिका ने रूस का समर्थन करते हुए उसके साथ मतदान किया। जबकि भारत ने हमेशा की तरह से अपने चिरपरिचित अंदाज में मतदान से दूरी बनाई। प्रस्ताव



के पक्ष में 93 (जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन) और विरोध में 18 वोट पड़े। जबकि भारत, चीन, ब्राजील समेत 65 देशों ने मतदान से दूरी बनाई।

प्रस्ताव के विरोध में अमेरिका, रूस के अलावा इजरायल और हंगरी जैसे देशों ने मतदान किया। तीन साल पहले वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ शुरू की गई जंग के बाद यह पहला मौका है जब यूक्रेन व उसके यूरोपीय सहयोगी देशों द्वारा द्वारा यूएन में रूस के खिलाफ लाए गए किसी प्रस्ताव का अमेरिका ने विरोध किया है।

### बदल गई अमेरिकी विदेश नीति

जानकारों का मानना है कि वर्ष 1945 में हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन के बाद से लेकर आज तक यह पहला ऐसा मौका है जब अमेरिका ने रूस के खिलाफ लाए गए किसी प्रस्ताव पर मतदान में उसका साथ दिया है। वहीं, इससे युद्ध समाप्ति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ की जा रही सीधी वार्ता अमेरिका की विदेश नीति में आ रहे बड़े बदलाव की तरफ साफ इशारा कर रही है। जिसमें वह अपने यूक्रेन और यूरोपीय देशों जैसे पुराने साझेदारों के खिलाफ चला गया है और अब उनके साथ अमेरिका के गहराते मतभेद भी खुलकर सामने आ गए हैं।

### प्रस्ताव की कानूनी बाध्यता नहीं

इस प्रस्ताव के पास हो जाने के बाद महासभा ने इसे अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। यूएनजीए में पारित किसी प्रस्ताव की कोई कानूनी बाध्यता नहीं होती है। लेकिन फिर भी इसे किसी भी मामले पर विश्व जनमत के सांकेतिक प्रतीक के रूप में माना जाता है। महासभा में बीते करीब 36 महीनों के दौरान लाए गए प्रस्ताव का दुनिया के करीब 140 देशों ने विरोध किया था। जिसमें अमेरिका सबसे आगे रहा। लेकिन अब उसके सुर पूरी तरह से बदल गए हैं।

---

## डीजीएमओ ने मणिपुर का किया दौरा, परखी सुरक्षा तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने मणिपुर का दौरा किया और उसमें भारत-म्यांमार सीमा पर बनी हुई सुरक्षा की स्थिति और समाई प्रबंधन के मामले पर प्रदेश के राज्यपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापक समीक्षा की।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डीजीएमओ की यह यात्रा दो दिवसीय थी। जो 24 से 25 फरवरी तक चली। यात्रा के दौरान उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मणिपुर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने मणिपुर में हुई तमाम मुलाकातों में मुख्य रूप से सेना की संचालन तैयारियों, भारत-म्यांमार की सीमा पर सुरक्षा स्थिति, सीमांत क्षेत्रों के साथ ही राज्य के मौजूदा सुरक्षा क्रियाकलापों का जायजा लिया। तमाम हितधारकों के साथ बातचीत में उन्होंने केंद्र सरकार के समग्र दृष्टिकोण पर जोर दिया। यह चर्चा राज्य में जारी सुरक्षा स्थिति को सामान्य बनाने, सीमा प्रबंधन को बढ़ाने और सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की आवश्यकता पर केंद्रित थी।

मंत्रालय ने कहा कि डीजीएमओ की मणिपुर यात्रा में राज्य में स्थिरता और लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक पहलों को लागू करने के लिए सैन्य और राज्य के अधिकारियों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर बल दिया।

---

# वायुसेना को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान मिलने तक बेहतर विकल्प साबित होगा 'राफेल'

भारत को अमेरिका की एफ-35 और रूस की सु-57 विमान की बिक्री की पेशकश के नफे-नुकसान का हरिभूमि से बातचीत में विश्लेषण करते हुए बोले रक्षा विशेषज्ञ

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते साझा सीमाई सुरक्षा खतरे के बीच भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में तेजी से घटती लड़ाकू विमानों की संख्या से सरकार और बल के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ना लाजमी है। यह समस्या उस वक्त और अधिक गंभीर हो जाती है जब चीन ने उसके पास छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान होने का दावा किया है। जबकि भारत में पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान विकसित करने की एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना कछुए की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। साथ ही रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की विमान उत्पादन क्षमता पर खुद वायुसेनाप्रमुख ही सवालिया निशान लगा चुके हैं। इन सबके बीच देश सैन्य-सामरिक गलियारों में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की बिक्री के मुद्दे पर केंद्रित हो गई है। रक्षा विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में इन दोनों लड़ाकू विमानों से इतर भारत के लिए तत्काल अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को बेहतर विकल्प बताया है। साथ ही अमेरिकी और रूसी विमान की खरीद से जुड़े फायदे और नुकसान का व्यापक आकलन भी किया।

### पांचवीं पीढ़ी के विमान का इकोसिस्टम नहीं

मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) में फेलो डॉ.स्वस्ति राव ने कहा कि भारत के पास अभी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का कोई इकोसिस्टम नहीं है। जबकि वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की सख्त कमी हो गई है। जिसकी पूर्ति के लिए हमें फिलहाल विमानों का आयात ही करना पड़ेगा। मौजूदा समय में हमें अमेरिका से स्टेल्थ एफ-35 लड़ाकू विमान देने की पेशकश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। जबकि रूस सु-57 देने का इच्छुक है। मेरे हिसाब से इन दोनों में से कोई सा विमान भारत के लिए खरीदना ठीक नहीं रहेगा। अगर तत्काल खरीद करनी ही है तो फ्रांस का साढ़े चार जनरेशन का स्टेल्थ राफेल लड़ाकू विमान सबसे बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। क्योंकि हमारे पास पहले से राफेल की दो स्क्वाड्रन हैं। हमने देश में दो जगह पर इनके एयरबेस बनाए हैं। पायलटों के प्रशिक्षण से लेकर देश में मरम्मत और रखरखाव की सुविधा, कलपुर्जों, रडार के उत्पादन में दक्षता हासिल कर ली है। ऐसे में राफेल की और स्क्वाड्रन लेने पर हमें कोई परेशानी नहीं होगी।

### खराब पसंद साबित होगा एफ-35, सु-57

अमेरिका का स्टेल्थ एफ-35 विमान काफी महंगा है। इसके लिए हमें नए सिरे से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना पड़ेगा। दुनिया में हालांकि ये विमान काफी इस्तेमाल होता है। लेकिन हमें जीरो से शुरुआत करनी पड़ेगी। वहीं, रूस के सु-57 को देखें तो खुद रूस के पास अभी तक इस विमान की एक पूरी स्क्वाड्रन नहीं है। फिर वो हमें कैसे इसका आयात करेंगे? दूसरा अगर वो हमें ये विमान दे भी दें तो इसकी चिप्स, सेमीकंडक्टर, मरम्मत और कलपुर्जों की समस्या आएगी। इन चीजों के लिए रूस, चीन पर निर्भर है। यूक्रेन युद्ध के चलते रूस पर लगी हुई पश्चिमी देशों की पाबंदियों की वजह से तमाम चुनौतियों का तुरंत हल होना संभव नहीं है? यह विमान स्टेल्थ तकनीक से लैस नहीं है। आज के समय में स्टेल्थ सबसे प्रमुख तकनीक है और इसी से युक्त विमानों का दौर चल रहा है।

### आत्मनिर्भरता पर देना होगा ध्यान

वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी एयर मार्शल बी.के.पांडे ने कहा कि अभी हमारे पास ज्यादातर सैन्य प्लेटफार्म रूस के हैं। जो ढांचा देश में विकसित हुआ है, वो रूस के सहयोग से बना है। ऐसे में अचानक अपना मार्ग बदलकर अमेरिका से एफ-35 की खरीद की तरफ जाना नुकसानदायक साबित होगा। क्योंकि अमेरिका सिर्फ अपने लाभ के लिए काम करता है। मेरी नजर में रक्षा क्षेत्र में हमें स्वदेशी उपकरणों के विकास के तहत एएमसीए परियोजना पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आज भारत एक छोटा देश नहीं है। वह जल्द ही दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। जिसे लेकर हमें विदेशों पर निर्भरता घटानी चाहिए। उन्होंने कहा, वायुसेना को कम समय में अपनी जरूरत पूरी करने के लिए राफेल की खरीद बेहतर विकल्प हो सकती है। जबकि लंबी अवधि में स्वदेशी विमान उत्पादन, रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर जोर होना चाहिए।

### एएमसीए की रफ्तार बढ़ाना जरूरी

वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी ग्रुप कैप्टन अजय अहलावत ने कहा कि मैं एफ-35 और सु-57 दोनों के पक्ष में नहीं हूं। मेरे हिसाब से हमें घरेलू स्तर पर एएमसीए और तेजस मार्क2 परियोजना के विकास की गति बढ़ाने की जरूरत है। आयात की स्थिति में राफेल विकल्प मात्र बन सकता है। अमेरिकी एफ-35 एक महंगा विमान है। साथ ही ये पूरी तरह से अमेरिकी नियंत्रण में रहता है। अमेरिका के कंधे पर सवार होकर भारत अपनी रणनीति नहीं बना सकता। रूस का सु-57 कुछ साल पहले भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान (एफजीएफए) कार्यक्रम का ही हिस्सा है। उस वक्त इसे टी-50 कहते थे। रूसी विमान में माइक्रोचिप, सेमीकंडक्टर और हाई एंड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कुछ उपकरणों के लिए रूस की चीन पर निर्भरता का अंदेशा है। ऐसे में लड़ाई के समय पर चीन सु-57 के उपकरणों की सप्लाई रोक कर भारत के सामने बड़ा खतरा खड़ा कर सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109